**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विज़डम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 15 अंक: 243 लखनऊ, रविवार 26 अप्रैल 2026 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## अमित शाह का बंगाल में बड़ा वादा, भाजपा आई तो रात 1 बजे भी बेटियां रहेंगी सुरक्षित

एजेसी।

दिल्ली। पश्चिम बंगाल में चुनावी रैली के दौरान अमित शाह ने महिला सुरक्षा को लेकर ममता बनर्जी पर निशाना साधा, दावा किया कि भाजपा सरकार आने पर 5 मई के बाद महिलाएं रात 1 बजे भी सुरक्षित बाहर निकल सकेंगी। उन्होंने संदेशखाली जैसी घटनाओं का जिक्र करते हुए ममता सरकार को महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल बताया।पश्चिम बंगाल के पूर्वी बर्धमान जिले के जमालपुर गांव में एक चुनावी रैली के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। रैली में बोलते हुए शाह ने ममता बनर्जी पर राज्य में हुए कई अपराधों का आरोप लगाया और जनता द्वारा सत्ता में चुने जाने पर इन्हें रोकने का वादा किया। शाह ने रैली में



सभा को संबोधित करते हुए कहा ममता के शासनकाल के पिछले पंद्रह वर्षों में अगर किसी ने सबसे ज्यादा कष्ट झेला है, तो वो हमारी माताएं और बहनें हैं। शाह ने कहा कि आरजी कार, संदेशखाली, कलकत्ता लॉ कॉलेज और दुर्गापुर कॉलेज जैसी घटनाएं दर्शाती हैं कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार हर जगह हुए हैं। और अब श्दीदीश कहती हैं कि महिलाओं को शाम 7 बजे के बाद घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। मैं आपको बताना चाहता हूं कि 5 तारीख के बाद तो एक युवती भी रात 1 बजे तक घर से बाहर निकल सकेगी और कोई गुंडा उसकी तरफ देखने की हिम्मत भी नहीं करेगा।गृह मंत्री ने दावा किया कि श्कोई भी भाजपा मुख्यमंत्रीश महिलाओं को श्शाम 7 बजे के बाद घर से बाहर न निकलनेश के लिए नहीं कहता और ममता बनर्जी पर श्महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहनेश का आरोप लगाया। शाह ने आगे कहा कि देश के किसी भी राज्य में जहां भारतीय जनता पार्टी सत्ता में है, वहां के मुख्यमंत्री ने कभी नहीं कहा कि महिलाएं शाम 7 बजे के बाद घर से बाहर न निकलें। ममता दीदी, आपको शर्म आनी चाहिए। आप एक महिला मुख्यमंत्री हैं, फिर भी आप महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही हैं। भारतीय जनता पार्टी वादा करती है कि अगर कोई गुंडा मां और बहनों को बुरी नजर से देखने की भी हिम्मत करेगा, तो उसे सलाखों के पीछे डाल दिया जाएगा। इस बीच, शाह को पूरा भरोसा है कि पहले चरण के मतदान में भगवा पार्टी को 110 से अधिक सीटें मिलेंगी, जिसमें 152 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हुआ। उन्होंने कहा कि हमें जो प्रतिक्रिया मिली है, उससे पता चलता है कि पश्चिम बंगाल की जनता ने पहले चरण में ही अपना फैसला कर लिया है।

## सीएम योगी ने जातिवाद के विरुद्ध किया आगाह, कहा- राष्ट्रकवि दिनकर का साहित्य आज भी राष्ट्र का मार्गदर्शक

संवाददाता।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी कृति 'रश्मिरथी' आज भी समाज और राष्ट्र का मार्गदर्शन करती है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी कृति 'रश्मिरथी' आज भी समाज और राष्ट्र का मार्गदर्शन करती है। उन्होंने कहा कि यदि भारत को मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित बनाना है तो जातिवाद के नाम पर समाज को बांटने वाली शक्तियों से सावधान रहना होगा। योगी आदित्यनाथ ने जातिवाद के नाम पर समाज को कमजोर करने वालों के खिलाफ आगाह किया और ''देशद्रोहियों'' के खिलाफ सतर्क रहने की जरूरत पर जोर दिया।मुख्यमंत्री ने रामधारी सिंह दिनकर की 52वीं पुण्यतिथि और उनकी कालजयी कृति 'रश्मिरथी' के प्रकाशन के 75 वर्ष होने के उपलक्ष्य में लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय 'रश्मिरथी महोत्सव' के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ''राष्ट्रकवि दिनकर की कालजयी काव्य कृति 'रश्मिरथी' के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। साहित्य के ऐसे सशक्त साधक के प्रति हम सब अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए



प्रदेश की राजधानी में एकत्र हैं।''उन्होंने कहा, '' यहां हम उनकी कालजयी काव्यकृति पर आधारित नाट्य–शृंखला का मंचन देखेंगे। हम देखेंगे कि किस प्रकार मां सरस्वती दिनकर जी की जिह्वा पर विराजती थीं और उनकी लेखनी शब्दों को पिरोती थी। यह सब 'रश्मिरथी' के इस मंचन के माध्यम से हम सभी को देखने–सुनने को मिलेगा। इस अवसर पर दिनकर जी की स्मृतियों को नमन करते हुए मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।''मुख्यमंत्री ने कहा, ''हमें याद रखना चाहिए कि यदि हम अपनी स्वतंत्रता को संरक्षित करना चाहते हैं, एक विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की आकांक्षा रखते हैं, तो हमें उन गद्दारों के खिलाफ सतर्क रहना चाहिए, जो देश को लूटते हैं और जातिवाद के नाम पर समाज को कमजोर करते हैं। यह प्रेरणा संदेश दिनकर जी ने दशकों पहले हमें दिया था।''आपातकाल का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''जब भारत के अंदर, भारत के लोकतंत्र का गला घोटने का प्रयास हुआ था। तब भी दिनकर जी ने यह आह्वान किया कि ''सिंहासन खाली करो कि जनता आती है''। उन्होंने कहा, ''भारत हमेशा से धन और संसाधनों में प्रचुर रहा है। यह एक वैश्विक शक्ति रही है। फिर भी भारत ने सैकड़ों वर्षों तक गुलामी भी झेली है। बल, बुद्धि और वैभव में भारत का मुकाबला कोई नहीं कर सकता। हालांकि, हमारे अंदर कुछ खामियां, कुछ कमजोरियां थीं।'' इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में 'रश्मिरथी से संवाद' स्मारिका का विमोचन किया गया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दिनकर जी ने जिस तरह से सामाजिक चेतना जगाई और समाज को एकजुट किया, वह अद्वितीय है। अपने कार्यों से उन्होंने लगातार विभिन्न स्तरों पर लोगों को प्रेरित किया और देश की चेतना को मजबूत किया। उन्होंने संस्कृति विभाग को ऐसे साहित्यिक कार्यों को बढ़ावा देने के निर्देश दिये और कहा कि ये आज की पीढ़ी को प्रेरणा देते हैं। उत्सव के तहत शनिवार को स्वामी विवेकानन्द पर आधारित नाट्य प्रस्तुति भी होगी। योगी आदित्यनाथ ने स्वामी विवेकानंद के बारे में कहा, ''उन्होंने भारत की वैदिक और सनातन परंपराओं को वैश्विक पहचान दिलाई।'' लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का संदर्भ देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 अप्रैल को यहां लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक पर आधारित कार्यक्रम होगा।आदित्यनाथ ने कहा,''तिलक जी ने लखनऊ में उद्घोष किया था, 'स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा', जो भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में एक बड़ी ताकत बन गया। उसी दिन, 'अटल स्वराजांजलि' कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें अटल बिहारी वाजपेयी की कविताओं पर आधारित एक नृत्य–नाटिका प्रस्तुत की जाएगी। हाल ही में, उनका जन्म शताब्दी वर्ष मनाया गया था, और लखनऊ में एक 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' विकसित किया गया है। लखनऊ लंबे समय तक अटल जी की एक कर्मभूमि रही है।'' आदित्यनाथ ने कहा कि वह स्वामी विवेकानंद की स्मृतियों को नमन करते हैं और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को श्रद्धांजलि देते हैं, जिन्होंने महाराष्ट्र में गणपति उत्सव के माध्यम से सांस्कृतिक चेतना को राष्ट्रीय चेतना तक पहुंचाया।मुख्यमंत्री ने संस्कृति विभाग को निर्देश दिया कि आमजन को ऐसी कृतियों से अवगत कराएं।

## गाजीपुर केस अखिलेश यादव का भाजपा पर बड़ा हमला, बोले- इनसे बड़ा कोई गिद्ध दल नहीं

संवाददाता।

लखनऊ। गाजीपुर में नाबालिग लड़की की मौत पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने महिला सुरक्षा को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा और पीड़ित परिवार पर दबाव बनाने का आरोप लगाया, जबकि पुलिस ने इसे आत्महत्या बताते हुए बलात्कार के दावों को खारिज कर दिया है। समाजवादी पार्टी (एसपी) के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में एक नाबालिग लड़की की मौत के बाद महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के एक गांव से 14 अप्रैल को लापता हुई नाबालिग लड़की का शव 15 अप्रैल को गंगा नदी पर बने एक पुल के पास मिला। लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव



ने भाजपा पर पीड़िता के पिता पर दबाव डालने का भी आरोप लगाया। अखिलेश यादव ने कहा कि पुलिस अधिकारियों और भाजपा नेताओं ने पिता पर दबाव बनाने की कोशिश की। मैंने वीडियो भी साझा किया। वे पिता को समझाने की कोशिश कर रहे थे। जहां भी दुख या पीड़ा हुई है, समाजवादी पार्टी हमेशा साथ खड़ी रही है। उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामले सबसे ज्यादा हैं। भाजपा से बड़ा गिद्ध दल कोई नहीं है। इससे पहले दिन में, गाजीपुर पुलिस ने कहा कि नाबालिग लड़की ने आत्महत्या की है और पिता की शिकायत में बलात्कार का जिक्र नहीं है। पुलिस ने ग पर पोस्ट किया कि 15 अप्रैल, 2026 की सुबह 5रू44 बजे, पीड़िता के पिता ने डायल 112 पर कॉल करके सूचना दी कि लड़की ने पुल से कूदकर आत्महत्या कर ली है। इस मामले में पीड़िता के पिता की लिखित शिकायत के आधार पर दर्ज एफआईआर में बलात्कार का कोई जिक्र नहीं है। गाजीपुर पुलिस ने बयान में कहा कि पीड़िता के पोस्टमार्टम में भी बलात्कार से संबंधित कोई तथ्य सामने नहीं आया है। कृपया ऐसी कोई भी अपुष्ट, तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक अफवाहें न फैलाएं जो समाज में शांति भंग करती हैं। पुलिस ने आगे बताया कि हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि पत्थरबाजी के आरोप में 10 अन्य को गिरफ्तार किया गया है। आगे की गिरफ्तारियां जारी हैं। इस बीच, प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) और समाजवादी पार्टी एक ही खेमे में हैं, क्योंकि आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों ने भाजपा के साथ हाथ मिला लिया है।

## गुजरात में गुंडागर्दी नहीं चलेगी, उना फिरंग पर बोले केजरीवाल- जनता अब नहीं झुकेगी

एजेंसी।

गुजरात के ऊना में निकाय चुनाव से पहले आप उम्मीदवार पर हुए कथित हमले की अरविंद केजरीवाल ने निंदा करते हुए इसे गुंडागर्दी करार दिया है। आम आदमी पार्टी ने इस घटना के लिए सीधे तौर पर भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है और इसे चुनाव जीतने के लिए डराने–धमकाने की राजनीति का हिस्सा बताया है। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुजरात के ऊना में स्थानीय निकाय चुनावों से पहले आम आदमी पार्टी के एक उम्मीदवार पर हुए कथित हमले की निंदा करते हुए कहा कि गुजरात की जनता अब गुंडागर्दी के आगे नहीं झुकेगी और राज्य में बदलाव अपरिहार्य है। X पर एक पोस्ट में केजरीवाल ने घायल उम्मीदवार के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की और कहा कि आप निडर होकर



जनता की आवाज उठाती है और सत्ता में बैठे लोगों को चुनौती देती है, और शायद कुछ लोग इसे बर्दाश्त नहीं कर पाते। लेकिन अब गुजरात के आम आदमी ने गुंडागर्दी के आगे न झुकने का संकल्प लिया है। गुजरात की जनता अब पीछे नहीं हटेगी और अपने अधिकारों को हासिल करेगी। इस बार गुजरात में बदलाव जरूर आएगा। अन्य वरिष्ठ आम आदमी नेताओं ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने ऊना में पार्टी उम्मीदवार अजय भाई पर कथित गोलीबारी को हिंसा और अराजकता की भयावहता का संकेत बताया और ऐसी घटनाओं के लिए सत्ताधारी पार्टी को जिम्मेदार ठहराया। आम आदमी पार्टी (AAP) के नेता गोपाल राय ने हमले के बाद थ्प्त दर्ज न करने के लिए पुलिस की आलोचना की और अधिकारियों पर आरोप लगाया कि वे कुछ उम्मीदवारों को निर्विरोध जीत दिलाने की कोशिश कर रहे थे, जिसके बाद उन्होंने हथियारों से डराने–धमकाने का सहारा लिया। उन्होंने कहा कि गुजरात में चुनाव या गुंडाराज? ऊना में AAP उम्मीदवार पर हुए जानलेवा हमले के बाद FIR दर्ज न करना शर्मनाक है। पहले तो निर्विरोध जीत सुनिश्चित करने की नाकाम कोशिश, और अब हमारे उम्मीदवारों को डराने के लिए गोलियों का सहारा। गुजरात की जनता भाजपा के इस 'खूनी खेल' और डर की राजनीति का मुंहतोड़ जवाब देगी। आम आदमी पार्टी (AAP) ने पहले आरोप लगाया था कि बुधवार रात को हुई गोलीबारी की घटना में उनके उम्मीदवार अजय भाई घायल हो गए थे।

## बंगाल में गरजे हिमंत बिस्वा सरमां, बोले- भाजपा राज में कोई हिंदू डरा नहीं, सीएए लागू करेंगे

एजेंसी।

दिल्ली। सीएम सरमा ने कहा, प्रवासी बंगाली आए हैं, यह अच्छी बात है। लेकिन बांग्लादेशी मुसलमानों ने डर के मारे वोट दिया। बीजेपी सरकार के तहत एक भी बांग्लादेशी हिंदू डरा हुआ नहीं है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कहा कि BJP नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को बड़े पैमाने पर लागू करेगी और बांग्लादेशी हिंदुओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। कोलकाता में एएनआई से बात करते हुए सीएम सरमा ने कहा, ष्प्रवासी बंगाली आए हैं, यह अच्छी बात है। लेकिन बांग्लादेशी मुसलमानों ने डर के मारे वोट दिया। बीजेपी सरकार के तहत एक भी बांग्लादेशी हिंदू डरा हुआ नहीं है। डरने का कोई कारण नहीं है। अगर हिंदू भारत में सुरक्षित नहीं हैं, तो वे और कहाँ सुरक्षित होंगे? बीजेपी के खिलाफ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की 'अंडा और मछली' वाली टिप्पणी पर तंज कसते हुए हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, 'आइए, मेरे साथ खाइए। मैं उनसे एक किलोग्राम ज्यादा खाऊँगा।उन्होंने आगे कहा कि अभिषेक जी (TMC सांसद अभिषेक बनर्जी) को अमित शाह जी को चुनौती देने की जरूरत नहीं है। नतीजा 4 मई को आएगा, और अभिषेक दुबई भाग जाएँगे। उन्होंने पश्चिम बंगाल चुनावों में बीजेपी की जीत पर भरोसा जताते हुए यह बात कही।हिमंत बिस्वा सरमा ने बेहाला पुरबा विधानसभा क्षेत्र में



बीजेपी उम्मीदवार शंकर सिकदर के लिए एक रोड शो किया। शंकर सिकदर का मुकाबला टीएमसी के सुभाशीष चक्रवर्ती से है। पिछले तीन चुनावों से इस सीट पर TMC का ही कब्जा रहा है। 2021 के चुनावों में, रत्ना चटर्जी ने BJP की पायल सरकार को 37,428 (17. 1 प्रतिशत) वोटों से हराया था। इससे पहले आज, हिमंत बिस्वा सरमा ने कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया और ज्ड६ पर हमला बोलते हुए कहा कि असम के डिटेंशन कैंपों में एक भी बंगाली हिंदू नहीं है। असम के मुख्यमंत्री ने कहा टीएमसी के सदस्य कभी–कभी कहते हैं कि असम के डिटेंशन कैंपों में कई बंगाली हिंदू हैं। असम के मुख्यमंत्री के तौर पर, मैं पूरी तरह से स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूँ कि असम के डिटेंशन कैंपों में एक भी बंगाली हिंदू नहीं है। अगर वहाँ एक भी बंगाली हिंदू हुआ, तो मैं आज ही इस्तीफा देने को तैयार हूँ। सुप्रीम कोर्ट ने असम को एक अहम ताकत दी हैरू अवैध प्रवासी निष्कासन अधिनियम, 1948। इसमें कहा गया है कि अगर किसी डिप्टी कमिश्नर को लगता है कि कोई व्यक्ति घुसपैठिया है, तो वे उसे 48 घंटे के अंदर भारत की धरती से बाहर निकाल सकते हैं। मेरा मानना है कि कांग्रेस द्वारा बनाए गए अवैध प्रवासन अधिनियम को सभी पाँच राज्यों तक बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीएए के तहत हिंदुओं को सुरक्षा मिली हुई है। पश्चिम बंगाल में अवैध प्रवासन और जनसांख्यिकीय बदलाव के ठश्रच के चुनावी मुद्दे का जिक्र करते हुए, हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, बांग्लादेशी घुसपैठ यहीं से होगी। इससे पश्चिम बंगाल की जनसांख्यिकी बदल जाएगी। इससे पूरे देश की जनसांख्यिकी बदल जाएगी। पश्चिम बंगाल के चुनावों में हर भारतीय की हिस्सेदारी है, क्योंकि इसका असर भारत में हर किसी पर पड़ेगा – मुख्य रूप से बंगाल और असम में, और उसके बाद हमारे देश के हर हिस्से में। जब संख्या 50 प्रतिशत से ज्यादा हो जाएगी, तो शरिया कानून की मांग भी शुरू हो जाएगी। जब तक जनसांख्यिकी संतुलित रहती है, तब तक धर्मनिरपेक्षता सुरक्षित रहती है। ममता जी कहती हैं कि बीजेपी आकर सांप्रदायिकता फैला रही है। बीजेपी भारत के किसी भी राज्य में गीता के शासन की मांग नहीं कर रही है। लेकिन जहाँ भी जनसांख्यिकीय बदलाव 50 प्रतिशत से ज्यादा होते हैं, वहाँ शरिया कानून के शासन की मांग भी उठने लगती है।

## राहुल गांधी ने आरएसएस नेता राम माधव के अमेरिका में दिए बयान को लेकर संगठन को राष्ट्रीय सरेंडर संघ करार दिया

एजेंसी।

दिल्ली। राहुल गांधी ने आरएसएस नेता राम माधव के अमेरिका में दिए बयान को लेकर संगठन को राष्ट्रीय सरेंडर संघ करार दिया है। राम माधव ने दावा किया था कि भारत ने रूस–ईरान से तेल आयात रोकने और अमेरिकी टैरिफ पर सहमति दी थी, हालांकि बाद में उन्होंने अपने बयान को तथ्यात्मक रूप से गलत बताते हुए माफी मांग ली।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेता राम माधव द्वारा अमेरिका में एक पैनल चर्चा के दौरान की गई टिप्पणियों की कड़ी आलोचना करते हुए उन्हें संगठन का वास्तविक स्वरूप उजागर करने वाला बताया। गांधी ने आरएसएस को राष्ट्रीय सरेंडर संघ कहा और संगठन को फर्जी करार दिया। राहुल गांधी ने एक पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रीय



आत्मसमर्पण संघ। नागपुर में फर्जी राष्ट्रवाद। अमेरिका में सरासर चाटुकारिता। राम माधव ने संघ का असली चेहरा उजागर कर दिया है।"गांधी की ये टिप्पणी वाशिंगटन डीसी में हडसन इंस्टीट्यूट के न्यू इंडिया सम्मेलन में राजदूत कर्ट कैंपबेल और एलिजाबेथ थ्रेलकेल्ड के साथ राम माधव की पैनल चर्चा में भाग लेने के बाद आई है। इस चर्चा में उन्होंने "अमेरिका–भारत संबंधों के लिए नए रास्ते" विषय पर बात की। चर्चा के दौरान, राम माधव ने भारत की ऊर्जा और व्यापार नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि विपक्ष की इतनी आलोचना के बावजूद भारत ईरान और रूस से तेल खरीदना बंद करने पर सहमत हो गया। भारत ने बिना ज्यादा कुछ कहे 50: टैरिफ पर सहमति जताई। तो आखिर भारत अमेरिका के साथ सहयोग करने के लिए पर्याप्त प्रयास कहाँ नहीं कर रहा है?इन टिप्पणियों के लिए आलोचना मिलने के बाद, राम माधव ने स्पष्टीकरण जारी कर तथ्यात्मक त्रुटियों को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि मैंने जो कहा वह गलत था। भारत ने रूस से तेल आयात बंद करने पर कभी सहमति नहीं जताई। साथ ही, उसने 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने का कड़ा विरोध किया। मैं दूसरे पैनलिस्ट के बयान का सीमित खंडन करने की कोशिश कर रहा था। लेकिन तथ्यात्मक रूप से गलत। मैं क्षमा चाहता हूँ।

# गुडम्बा में घर का ताला तोड़कर 30 लाख की चोरी का खुलासा, तीन शातिर चोर गिरफ्तार, अवैध पिस्टल व नकदी बरामद

लखनऊ(आरएनएस )। क्राइम ब्रांच और थाना गुडम्बा पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी चोरी की वारदात का सफल अनावरण करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के जेवरात, 1,10,200 रुपये नकद, चार मोबाइल फोन तथा एक अवैध .32 बोर पिस्टल मय चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। बरामद माल की कुल अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपये बताई जा रही है।पुलिस के अनुसार 15 अप्रैल 2026 को वादी सरफराज हुसैन निवासी आधार खेड़ा, डीएच–2 पैराडाइज, थाना गुडम्बा ने अपने घर में चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि अज्ञात चोरों ने उनके घर के अंदर अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सभी आभूषण और नगदी चोरी कर ली थी। इस संबंध में थाना गुडम्बा पर मु0अ0सं0 148ध्26 धारा 331(4)ध्305(ए) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त लखनऊ के निर्देश पर क्राइम टीम, सर्विलांस टीम पूर्वी जोन और थाना गुडम्बा पुलिस की संयुक्त टीम लगातार पतारसी और सुरागरसी में जुटी हुई थी। इसी क्रम में 24 अप्रैल 2026 को संयुक्त पुलिस टीम ने स्कार्पियो क्लब के पास जंगल क्षेत्र से तीन संदिग्ध व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम अदीबुर्रहमान उर्फ अदीब उर्फ अद्दू निवासी ग्राम अनवारी थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी, जीशान गाजी उर्फ छोटू निवासी ग्राम चंदाकोडर थाना बीकेटी जनपद लखनऊ (हाल पता ग्राम अनवारी थाना कुर्सी, बाराबंकी) तथा रामजी राजाराम सोनी निवासी स्कूटर इंडिया क्षेत्र थाना सरोजनीनगर लखनऊ बताए।तलाशी के दौरान अभियुक्त अदीबुर्रहमान के कब्जे से एक अवैध .32 बोर पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। इसके अतिरिक्त आरोपियों के पास से चोरी से संबंधित नकद 1,10,200 रुपये, पीली धातु की दो छड़, सोने–चांदी की अंगूठियां, एक बिन्दीनुमा पीली धातु का टुकड़ा तथा चार मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद मोबाइल में तीन एंड्रॉयड फोन और एक आईफोन 17 प्रो मैक्स शामिल है, जिसे चोरी के पैसों से खरीदा गया था। साथ ही एक बुलेट मोटरसाइकिल को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज किया गया है।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने आर्थिक लाभ के उद्देश्य से वादी के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि मुख्य आरोपी अदीबुर्रहमान और जीशान गाजी के विरुद्ध पहले से ही चोरी, लूट और गैंगस्टर एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में अनेक मुकदमे दर्ज हैं। रामजी राजाराम सोनी के विरुद्ध भी धोखाधड़ी और अन्य अपराधों से संबंधित मुकदमे दर्ज होने की जानकारी मिली है। अन्य आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।अवैध पिस्टल और कारतूस की बरामदगी के आधार पर थाना गुडम्बा में अभियुक्त अदीबुर्रहमान के विरुद्ध मु0अ0सं0 167ध्26 धारा 3ध्25 आयुध अधिनियम के तहत एक अलग मुकदमा भी दर्ज किया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को 24 अप्रैल 2026 की रात 11रू05 बजे विधिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार कर लिया है और उनके विरुद्ध आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।इस कार्रवाई को सफल बनाने में क्राइम ब्रांच, सर्विलांस टीम पूर्वी जोन और थाना गुडम्बा पुलिस की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बाप ने बेटे की वजनदार हथियार से सिर कूंचकर की हत्या

## अवैध संबंधों का शक, पत्नी और दोनों बच्चों को धमकाते हुए भागा

प्रयागराज। करेली थाना क्षेत्र के चाट वाली गली में शुक्रवार देर रात रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई। 17 वर्षीय प्रियांशु जायसवाल की उसके ही पिता पप्पू जायसवाल ने वजनी हथियार से हमला कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी पिता मौके से फरार हो गया।अवैध संबंध के शक को लेकर पिता और बेटे के बीच देर रात कहासुनी हो गई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने गुस्से में आकर बेटे पर ताबड़तोड़ वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त घर पर मृतक की मां मौजूद नहीं थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार करेली की चाट वाली गली में आरोपी पप्पू जयसवाल (45 साल) अपनी पत्नी और बेटों के साथ रहता है। पप्पू सब्जी बेचने का काम करता है। उसके तीन बेटों में प्रियांशु सबसे बड़ा था। वह जूस की दुकान चलाता था। प्रियांशु की मां ने बताया कि रोज की तरह शुक्रवार रात को तीनों बेटों ने साथ में खाना खाया। इसके बाद सभी छत पर सोने चले गए। पता नहीं किस समय बेटा नीचे गया। लेकिन रात में 2 बजे चीखने की आवाज आई तो मैं दोनों बेटों के साथ नीचे कमरे में गई। देखा पप्पू के हाथ में जूसर का हैंडल था और बेटा जमीन पर खून से लथपथ पड़ा था। पप्पू सबको धमकाते हुए भाग निकला।प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि पप्पू को अपनी पत्नी पर शक था।



वह बेटे और पत्नी पर शक करता था। इस बात को लेकर रात में उसने झगड़ा भी किया था। पत्नी ने पुलिस को यह भी बताया कि कुछ साल पहले पति ने उस पर देवर से अवैध संबंध का शक जताता था।

# डायल 112 पर तैनात सिपाही की संदिग्ध मौत

## हंडिया में रेलवे ट्रैक किनारे मिला शव

प्रयागराज। हंडिया थाना क्षेत्र में डायल 112 पर तैनात सिपाही अमर नाथ यादव (42) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव शनिवार भोर में करीब 4 बजे हंडिया ओवरब्रिज के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे बरामद हुआ। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अमर नाथ यादव मूल रूप से गाजीपुर जिले के साजियाबाद थाना क्षेत्र के सिंहनाथ चुरामनपुर गांव के निवासी थे। वह 2006 बैच के हेड कांस्टेबल थे और वर्तमान में हंडिया थाने में डायल 112 पर कार्यरत थे। उनके परिवार में पत्नी संगीता देवी, दो वर्ष की बेटी काजल और बड़े भाई राम विलास यादव (सेवानिवृत्त फौजी) शामिल हैं।परिजनों के अनुसार अमर नाथ यादव शुक्रवार शाम करीब 7 बजे ड्यूटी के लिए कमरे से निकले थे, लेकिन वह डायल 112 पर नहीं पहुंचे। कई बार फोन करने पर भी उनसे संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद पुलिस ने सर्विलांस की मदद से उनकी लोकेशन ट्रेस की, जो रेलवे ट्रैक के पास मिली। मौके पर पहुंचने पर उनकी मोटरसाइकिल चाबी लगी हालत में खड़ी मिली और कुछ दूरी पर उनका शव पड़ा था। शव के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं।मृतक के बड़े भाई ने घटना को लेकर लिखित तहरीर दी है। डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत सहित वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।एसीपी हंडिया शेषधर पांडे ने




बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला दुर्घटना से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है। मृतक के बड़े भाई ने भी लिखित रूप से एक्सीडेंट की तहरीर दी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है, जिसमें सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस टीम की मदद भी ली जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

# वाराणसी में विकास कार्यों की समीक्षा वर्षा से पहले नालों की सफाई, ट्रिपिंग पर सख्ती और उपभोक्ताओं को राहत के निर्देश

लखनऊ,(आरएनएस ) । नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने अपने वाराणसी भ्रमण के दौरान सर्किट हाउस में नगर विकास एवं ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में शहर के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था, जल निकासी और विद्युत आपूर्ति से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए मंत्री ने सभी परियोजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के सख्त निर्देश दिए।आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए मंत्री ने नालों की सफाई कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में शहर में जलभराव की समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। इसके लिए नगर निगम और जलकल विभाग को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समयसीमा में सभी नालों की सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि वर्षा से पूर्व सभी संवेदनशील स्थलों की विशेष निगरानी की जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।सड़क एवं शहरी सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने सड़कों के किनारे इंटरलॉकिंग कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही अतिक्रमण हटाने के लिए प्रभावी अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि अतिक्रमण से न केवल यातायात प्रभावित होता है, बल्कि शहर की सुंदरता और व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान को नियमित रूप से चलाया जाए, जिससे शहर में सुगमता और सुव्यवस्था सुनिश्चित हो सके।बैठक के दौरान सीएम ग्रिड योजना एवं वैश्विक नगरोदय योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन योजनाओं के माध्यम से वाराणसी में विकास कार्यों को तेजी दी जाए और इनका प्रभाव धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे। उन्होंने कहा कि वाराणसी को एक आधुनिक, स्वच्छ और व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करने के लिए सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करना होगा।

ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री ने विद्युत ट्रिपिंग की समस्या पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वाराणसी के किसी भी क्षेत्र में बार–बार होने वाली ट्रिपिंग की समस्या स्वीकार्य नहीं है और इसे तत्काल दूर किया जाए। निर्बाध और सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक तकनीकी और प्रबंधकीय उपाय अपनाने को कहा गया। इसके अतिरिक्त अंडरग्राउंड केबलिंग कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि बढ़ती विद्युत मांग को ध्यान में रखते हुए योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।बैठक में उपभोक्ता हितों को प्राथमिकता देते हुए मंत्री ने कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि एक किलोवाट तक के विद्युत कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन नेगेटिव बैलेंस होने पर भी नहीं काटा जाएगा। इसके साथ ही दो किलोवाट तक के उपभोक्ताओं को अधिकतम 200 रुपये तक की रियायत प्रदान की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी उपभोक्ता का कनेक्शन काटने से पहले अनिवार्य रूप से पांच चरणों में एसएमएस अलर्ट भेजे जाएं, ताकि उपभोक्ता को समय रहते जानकारी मिल सके। साथ ही रविवार एवं अन्य सार्वजनिक अवकाशों पर नेगेटिव बैलेंस की स्थिति में भी विद्युत आपूर्ति बाधित न किए जाने के निर्देश दिए गए।बैठक के अंत में मंत्री ने कहा कि वाराणसी एक महत्वपूर्ण धार्मिक और पर्यटन नगरी है, इसलिए यहां की सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तर की होनी चाहिए।

# यूपी होमगार्ड भर्ती परीक्षाः 37 केंद्रों पर हो रहा एग्जाम

## बेल्ट, घड़ी, टोपी, चश्मा उतरवाकर केंद्रों में अभ्यर्थियों को मिला प्रवेश

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती–2025 की लिखित परीक्षा 25, 26 और 27 अप्रैल को जिले के 37 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हो रही है। केंद्रों पर कुल 84,096 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। तीन दिवसीय परीक्षा में कुल छह पालियां रखी गई हैं, जिनमें हर पाली में 14,016 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक हुई। परीक्षा केंद्रों में शहर क्षेत्र में 31, यमुनानगर में चार और गंगानगर में दो केंद्र बनाए गए हैं।उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती–2025 की तीन दिवसीय लिखित परीक्षा शनिवार से जिले में शुरू हो गई। पहले दिन पहली पाली में 14,016 अभ्यर्थी शामिल होना है। सुबह 8 बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों का पहुंचना शुरू हो गया, जिससे कई स्थानों पर भीड़ देखने को मिली।परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। केंद्रों के बाहर पुलिस ने अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली। इस दौरान अभ्यर्थियों से जूते, बेल्ट, घड़ी, टोपी, चश्मा और ब्लूटूथ डिवाइस उतरवाकर चेकिंग की गई। साथ ही प्रवेश द्वारों पर विशेष सतर्कता बरती गई और हर केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

# ईश्वर शरण डिग्री कालेज के प्रोफेसर बर्खास्त, यौन उत्पीड़न का लगा है आरोप

प्रयागराज। ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज में छात्रा यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रोफेसर को महाविद्यालय प्रशासन ने बर्खास्त कर दिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में छात्रों के प्रदर्शन के दबाव में यह फैसला लिया गया। साथ ही, पीड़ित छात्रा पर दबाव बनाने वाले सहयोगी शिक्षकों को कोर्स कोऑर्डिनेटर के पद से हटा दिया गया।पीड़ित छात्रा पिछले दो माह से न्याय की लड़ाई लड़ रही थी। उसने पीएमओ और यूजीसी तक गुहार लगाई थी। अभाविप महानगर मंत्री प्रतीक मिश्र ने इसे श्सत्य की जीतश बताते हुए कहा कि यह कार्रवाई शिक्षण संस्थानों में नैतिकता व छात्र सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम है। प्रोफेसर पर कार्रवाई अनुशासन समिति के निर्णय पर आधारित है।हालांकि, छात्रों के विरोध के बाद प्रशासन ने मामले पर पुनर्विचार की मांग स्वीकार कर ली। प्राचार्य प्रो. आनंद शंकर सिंह ने बताया कि इसे सोमवार को समिति के समक्ष दोबारा रखा जाएगा, जहां छात्रा के पक्ष की समीक्षा के बाद अंतिम फैसला होगा। फिलहाल, छात्रों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है। कॉलेज परिसर में प्रोफेसर के समर्थन में बड़ा छात्र गुट उतर आया। समर्थकों ने आरोपों को श्बेबुनियादश व शशिक्षक की छवि धूमिल करने की साजिशश करार दिया। उन्होंने प्रोफेसर को ससम्मान बहाल करने की मांग की। कॉलेज में दो गुटों के बीच तनाव बढ़ गया है। प्रशासन ने वार्ता का प्रयास किया, लेकिन गतिरोध बरकरार है।

# किसान संकट में, भाजपा सरकार ने खेती को अलाभकारी बनाया- अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि देश और प्रदेश का किसान आज गंभीर संकट से गुजर रहा है और मौजूदा सरकार की नीतियों के कारण खेती लगातार अलाभकारी होती जा रही है। उन्होंने कहा कि जब खेत मुस्कुराएगा तभी देश मुस्कुराएगा और किसान की खुशहाली से ही देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों की आय बढ़ाने के बड़े–बड़े दावे किए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर किसान की स्थिति पहले से अधिक कठिन हुई है।अखिलेश यादव ने आज वीडियो माध्यम से गाजियाबाद में 'विजन इंडिया' कार्यक्रम के अंतर्गत 'किसान क्यों पीड़ित, क्यों परेशान' विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के उपरांत समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के हित में कोई ठोस कार्य नहीं किया, जिसके कारण किसान अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना कर रहा है। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन तथा प्रो. सुधीर पंवार भी उपस्थित रहे।

अखिलेश यादव ने कहा कि किसान पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। फसल बीमा और कृषि ऋण लेने के बाद भी किसान संकट से बाहर नहीं निकल पा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान को कीटनाशक, बीज, खाद और डीजल महंगे दामों पर खरीदने पड़ रहे हैं, जिससे खेती का खर्च बढ़ गया है और लाभ कम हो गया है। उन्होंने आशंका जताई कि विदेशों से बड़े पैमाने पर कृषि उत्पाद आने से देश के किसानों पर और अधिक दबाव पड़ेगा तथा उनकी स्थिति और कमजोर हो सकती है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते किसानों के हित में ठोस नीतियां नहीं बनाई गईं तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर इसका गहरा असर पड़ेगा।उन्होंने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की नींव है और यदि यही नींव कमजोर हो जाएगी तो आर्थिक विकास और खुशहाली के आंकड़े प्रभावित होंगे। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, रासायनिक पदार्थों का प्रयोग कम करने और किसानों को अनुदान पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही बीज परीक्षण प्रयोगशालाओं और गुणवत्ता जांच व्यवस्था को मजबूत करने की जरूरत बताई, ताकि किसानों को नकली और निम्न गुणवत्ता वाले बीजों से बचाया जा सके।अखिलेश यादव ने बिजली संकट का मुद्दा उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में कोई नया बिजली उत्पादन संयंत्र स्थापित नहीं किया। उन्होंने कहा कि हरदुआगंज, पनकी, नेवेली, घाटमपुर, झांसी और टांडा सहित कई बिजली परियोजनाएं समाजवादी सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई थीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने केवल स्मार्ट मीटर लगाने पर जोर दिया है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर स्मार्ट गांव की अवधारणा को आगे बढ़ाया जाएगा और गांवों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।उन्होंने अपने कार्यकाल की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि समाजवादी सरकार में सौर ऊर्जा आधारित गांव की स्थापना की गई थी, जिसका उद्घाटन पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के गांव विकसित किए जाएंगे, जहां किसानों और ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि समाजवादी सरकार बनने पर किसानों को अनुदान दिया जाएगा, फसल नुकसान की पूरी भरपाई की जाएगी तथा किसान दुर्घटना बीमा योजना को पुनः प्रभावी बनाया जाएगा।अखिलेश यादव ने कहा कि भविष्य में समाजवादी सरकार 23 फसलों के साथ दूध को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में लाने का प्रयास करेगी।

# भगवान के चरित्र को शुद्ध मन से सुनना चाहिए- विनय प्रिय त्रिपाठी

प्रयागराज। स्वर्गीय उषा शुक्ला की पावन स्मृति में रामगढ़ कोठारी में 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है।इस धार्मिक आयोजन का संचालन राम सजीवन शुक्ल (मानव जी) पंडित जी रामबाग के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।कलश यात्रा कथा व्यास विनय प्रिय त्रिपाठी महाराज के सानिध्य में मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग में भजन–कीर्तन करते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया।कथा के प्रथम दिवस पर विनय प्रिय त्रिपाठी ने कथा का रसपान कराते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से मानव पापों से मुक्त हो जाता है तथा उसे आध्यात्मिक शांति एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने भगवान के पावन चरित्रों का वर्णन करते हुए धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।उन्होंने कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए धुंधकारी के उद्धार की कथा को विस्तार से बताया। जो मानव जीवन के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है।आगे उन्होंने कहा कि कुसंगति में पड़कर पुष्पकारी की अकाल मृत्यु हो गई और वह प्रेत योनि में चला गया। उसके भाई गोकरण ने श्रीमद्भागवत कथा को सुनाया तो वह प्रेत योनि से निकल कर भगवान के धाम को चला गया। इसलिए भगवान के चरित्र को शुद्ध मन से सुनना चाहिए।कार्यक्रम में यज्ञाचार्य आचार्य पं. बद्री विशाल ओझा के अलावा कथा श्रवण करने वालों में मुख्य यजमान राम संजीवन शुक्ल, त्रिलोकी नाथ शुक्ल, रामशंकर शुक्ल, विनय शुक्ल, अधिवक्ता विकास शुक्ल, अधिवक्ता विवेक शुक्ल, अधिवक्ता विशाल शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार, पीड़िता सकुशल बरामद

लखनऊ(आरएनएस )। थाना ठाकुरगंज पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला–फुसलाकर ले जाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता को भी सकुशल बरामद कर न्यायालय के समक्ष आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार 5 अगस्त 2025 को वादी ने थाना ठाकुरगंज में लिखित तहरीर देकर सूचना दी थी कि विपक्षी अरमान उसकी 16 वर्षीय पुत्री को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना ठाकुरगंज में मु0अ0सं0–455ध्25 धारा 87ध्137(2) बीएनएस के तहत कौसर अली उर्फ अरमान पुत्र अनवर अली निवासी मोहल्ला अंसारगंज थाना करारी, जनपद कौशाम्बी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था।मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए

लगातार सुरागरसी और पतारसी की कार्रवाई की जा रही थी। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना के आधार पर 25 अप्रैल 2026 को पुलिस टीम ने ठाकुरगंज चौराहे के पास घेराबंदी कर आरोपी कौसर अली उर्फ अरमान (उम्र 25 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी को विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।पुलिस ने इस मामले में महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए मुकदमे से संबंधित पीड़िता को भी सकुशल बरामद कर लिया है। पीड़िता को आवश्यक चिकित्सीय परीक्षण एवं अन्य वैधानिक प्रक्रिया के लिए भेजा गया है। मामले में अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक ओमवीर सिंह चौहान, उपनिरीक्षक रवीन्द्र कुमार प्रभारी चौकी बालागंज तथा आरक्षी कुलदीप कुमार कुशवाहा की प्रमुख भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों के अनुसार महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े मामलों में सख्ती बरतते हुए आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही है।

# रोशन, लक्ष्य, आयुष, दिव्यांश और अमन बने शतकवीर

## उज्जवल, सिद्धू व पीयूष गेंदबाजी में चमके

सेंट पीटर्स क्लब और सोनमती क्लब ने सेंट पीटर्स कप कलर ड्रेस वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता में अपने–अपने मुकाबले जीतकर पूरे अंक प्राप्त किए। सेंट पीटर्स क्लब के रोशन कुशवाहा (170 रन, 88 गेंद, सात चौके, 19 छक्के) और लक्ष्य यादव (116 रन, 77 गेंद, 16 चौके, दो छक्के), शार्प क्लब के आयुष यादव (159 रन, 79 गेंद, 12 चौके, 14 छक्के), सोनमती क्लब के दिव्यांश (131 रन, 82 गेंद, 17 चौके, छह छक्के) और इलाहाबाद पब्लिक स्कूल के अमन सिंह (121 रन, 79 गेंद, 21 चौके, चार छक्के) ने शतकीय पारी खेली, जबकि इलाहाबाद पब्लिक स्कूल के उज्ज्वल गुप्ता (7–0–75–5), सेंट पीटर्स क्लब के सिद्धू सैनी (7.1–1–53–4) और शार्प क्लब के पीयूष मिश्रा (6.3–0–53–4) गेंदबाजी में चमके।

ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में सेंट पीटर्स क्लब ने 46.3 ओवर में 429 रन (रोशन कुशवाहा 170, लक्ष्य यादव 116, सौम्य तिवारी 39, शिवांश पांडेय 23, पीयूष यादव 4ध्53, ओम यादव 2ध्63, फैजान हमीद 2ध्65) बनाए। जवाब में शार्प क्लब की पूरी टीम 37.1 ओवर में 251 रन (आयुष यादव 159, रोहित यादव 22, सिद्धू सैनी 4ध्53, शिवांश पांडेय 2ध्31, लक्ष्य यादव और मोहम्मद इस्माइल एक–एक विकेट) पर सिमट गई। रोशन कुशवाहा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

झूंसी स्टेशन स्थित सोनमती क्लब मैदान पर सोनावती क्लब में 37.4 ओवर में 305 रन (दिव्यांश 131, आयुष त्रिपाठी 60, अर्पित राय 45, आदर्श सिंह 32, उज्ज्वल गुप्ता 5ध्75, सौरभ प्रताप सिंह 3ध्64) बनाए। जवाब में इलाहाबाद पब्लिक स्कूल क्लब की टीम 31.5 ओवर में 252 रन (अमन सिंह 131, सौरभ प्रताप सिंह 45, सद्भाव यादव 28, शिवम केसरवानी 3ध्45 आर्यन प्रजापति 2ध्37, दिव्यांश 2ध्39) पर सिमट गई। दिव्यांश को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# कूड़ा डं. पग को लेकर बवाल पालिका कर्ममियों पर लोहे की राड से हमला, एक गंभीर

सुल्तानपुर। कोतवाली देहात क्षेत्र के अहलादपुर स्थित एमआरएफ सेंटर (कूड़ा डंपिंग स्थल) पर शनिवार सुबह उस वक्त हंगामा मच गया जब कूड़ा गिराने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। नगर पालिका के दो कर्मचारियों पर स्थानीय युवक ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिसमें एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक नगर पालिका कर्मचारी मो. अली जान और शिवा सुबह करीब 8 बजे टेंपो से कूड़ा लेकर लालभानी अस्पताल के पास स्थित एमआरएफ सेंटर पहुंचे थे। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद अमहट निवासी नीरज दुबे ने कूड़ा गिराने को लेकर आपत्ति जताई और देखते ही देखते गाली–गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल इलाज के लिए भेजा गया। घटना से आक्रोशित कर्मचारियों ने कोतवाली नगर पहुंचकर लिखित तहरीर दी और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ मेडिकल परीक्षण कराने की मांग की। घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका की सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अधूलिका सिंह भी कोतवाली पहुंचीं। वहीं सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संतोष चौधरी ने भी मामले में जल्द प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। हालांकि नगर कोतवाल संदीप राय का कहना है कि घटनास्थल कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में आता है, जिसके चलते मामला संबंधित थाने को भेजा जाएगा। उधर कोतवाली में संतोषजनक कार्रवाई न होने से नाराज कर्मचारी एसपी कार्यालय पहुंच गए और न्याय की गुहार लगाई। घटना के बाद से सफाई कर्मियों में रोष व्याप्त है और उन्होंने सुरक्षा की मांग उठाई है।



# ब्लैकमेल से तंग आकर नाबालिग ने दी जान, 4.20 लाख की ठगी का आरोप

सुल्तानपुर। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र से एक बेहद दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां ब्लैकमेलिंग और मानसिक प्रताड़ना से परेशान एक नाबालिग किशोरी ने आत्महत्या कर ली। घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। जानकारी के मुताबिक किशोरी ने 23 अप्रैल को जहरीला पदार्थ (सल्फास) खा लिया था। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि गांव के अतुल धुरिया नामक युवक ने वर्ष 2024 में उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया था, जिसके बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ और वह जेल भी गया। हालांकि करीब चार–पांच महीने पहले आरोपी जमानत पर रिहा हो गया। आरोप है कि जेल से छूटने के बाद आरोपी ने किशोरी को फिर से परेशान करना शुरू कर दिया। वह अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसे लगातार ब्लैकमेल कर रहा था। बदनामी के डर से सहमी किशोरी से आरोपी ने धीरे–धीरे उसके बैंक खाते से करीब 4 लाख 20 हजार रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवा लिए। इस पूरे मामले का खुलासा 21 अप्रैल को तब हुआ, जब किशोरी के पिता ई–रिक्शा खरीदने के लिए बैंक पहुंचे और खाते में पैसे न होने की जानकारी मिली। पूछताछ करने पर किशोरी ने रोते हुए अपने साथ हो रही ब्लैकमेलिंग की पूरी सच्चाई बताई। पिता का आरोप है कि जब उनकी बेटी ने आरोपी से पैसे वापस मांगे, तो उसने न केवल इनकार किया बल्कि उसे आत्महत्या के लिए उकसाया भी। लगातार हो रही इस प्रताड़ना से टूट चुकी किशोरी ने आखिरकार आत्मघाती कदम उठा लिया।




# निराश्रित गोवंश के लिए 10हजार क्विंटल भूसा दान से संग्रहित

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा पहल की गई है। जिलाधिकारी ने गोवंश के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी भूसा दान में बढ़–चढ़कर सहयोग करने वाले संभ्रांत जन, कृषक, जिन्होंने विभिन्न गोशालाओं में भूसा दान देकर निराश्रित गोवंश के संरक्षण और भरण पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, उनका आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन की ओर से गोवंश के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, किंतु जनसहयोग के माध्यम से अतिरिक्त संसाधन प्राप्त होने पर उनके बेहतर पोषण एवं देखभाल में सहायता मिलती है। इस वर्ष भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें स्वेच्छा से भूसा दान करने वाले दानदाताओं को "पुण्य की एफडी" के रूप में एक प्रतीकात्मक प्रमाण पत्र प्रदान किया जा रहा है। इस अभिनव पहल की सराहना मुख्य सचिव द्वारा भी की गई है। अभियान के अंतर्गत नागरिकों से अपील की गई है कि वे निराश्रित गोवंश के कल्याणार्थ अधिक से अधिक भूसा दान देकर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें और "पुण्य की एफडी" प्रमाण पत्र प्राप्त करें। साथ ही यह भी आग्रह किया गया कि आमजन अपने घरों के आसपास पशु–पक्षियों के लिए जल एवं दाना की व्यवस्था कर मानवीय संवेदनाओं का परिचय दें। नगर पालिका परिषद के कृषि भवन स्थित गौशाला में मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार अंबष्ट द्वारा 18 क्विंटल भूसा दान किया गया, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा मुख्य राजस्व अधिकारी को "पुण्य की एफडी" प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अब तक जनपद में 10000 क्विंटल से भी अधिक भूसा दान के माध्यम से संग्रहित किया जा चुका है।

# 1962 मोबाइल वेटरनरी यूनिट की सेवा से पशुपालक हो रहे हैं लाभान्वित

सुलतानपुर। सरकार द्वारा चलाए गए जा रहे हैं 1962 सेवा पशुपालकों के लिए काफी लाभप्रद साबित हो रही है। 1962 की टीम द्वारा गांव–गांव में जाकर लगाई जा रहे कैंप के माध्यम से दवाइयां का निशुल्क वितरण किया जा रहा है और बीमार पशुओं का इलाज किया जा रहा है, साथ में पशुओं के रखरखाव उनके खान–पान और गर्मी से बचाव के उपाय के बारे में बताया जा रहा है। 1962 पर कॉल करके पशुपालक 1962 की टीम को अपने घर पर बुलाकर बीमार पशुओं का इलाज करवा सकते हैं। अभी हाल ही मे सुल्तानपुर जिले के खंड नगर ब्लॉक के रामनगर गांव के दीपक ने बताया कि उनकी भैंस काफी दिनों से बीमार चल रही थी कई डॉक्टर के द्वारा इलाज करने के बाद भी भैंस के हालात में सुधार नहीं हो रहा था उन्होंने 1962 पर कॉल करके अपनी समस्या बताई 1962 की टीम के डॉक्टर मित्र सेन यादव एमटीएस अनिल यादव एवं पायलट अनुराग उनके घर पर पहुंच के भैंस का इलाज किया। अभी भैंस की हालत में काफी सुधार है दीपक ने बताया 1962 की टीम द्वारा इलाज करने के बाद भैंस ने चार खाना स्टार्ट कर दिया है उसकी हालत में काफी सुधार है। सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं 1962 की सेवा से काफी पशुपालक लाभान्वित हो चुके हैं।



# अंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त पर प्रशासन की त्वरित कार्रवा, मूति लगाने की प्रक्रिया शुरू

सुलतानपुर। कूरेभार थाना क्षेत्र के ग्राम इरुल में स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की एक अंगुली क्षतिग्रस्त पाए जाने से इलाके में हलचल मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाल लिया। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कराई, जिससे लोगों में भरोसा बना रहे। वहीं ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए नई प्रतिमा स्थापित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान शुरू कर दी है और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। क्षेत्राधिकारी बल्दीराय ने बताया कि फिलहाल स्थिति पूरी तरह शांत और नियंत्रण में है। प्रशासन की तत्परता से इलाके में शांति बनी हुई है और नई प्रतिमा लगाने की दिशा में तेजी से काम आगे बढ़ाया जा रहा है।

# धूम धाम से मनाया साईं बाबा का स्थापना दिवस

जौनपुर । नगर के हुसैनाबाद तिलकधारी महाविद्यालय के बगल स्थित साईं बाबा मंदिर का 30 वा स्थापना दिवस शुक्रवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साईं बाबा मंदिर में विधिवत आरती के उपरांत शुरू हुआ। मंदिर के पुजारी पंकज पांडे द्वारा बाबा की आरती कराई गई। पालकी अपने निर्धारित रास्तों से चलते हुए गायत्री माता मंदिर तक हाथी घोड़ा पालकी रथ डीजे बैंड के साथ पहुंची वहां मां गायत्री की आरती के पश्चात पुनः पालकी साईं बाबा मंदिर धाम में पहुंची जहां आरती के उपरांत पालकी का समापन किया गया। तदुपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा की पालकी की एक झलक पाने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दरबार में जमे रहे । बाबा के भक्त नाचते गाते बाबा की पालकी लेकर चलते हैं। मंदिर के प्रबंधक संजय सिंह संरक्षक व वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत सिंह , इंद्र भान सिंह इंदु, भार्गव सिंह सहित मंदिर परिवार के तमाम सदस्य उपस्थित रहे। पालकी संयोजक जगदीश सेठ दीपक श्रीवास्तव पत्रकार, बृजेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ अभिषेक मिश्रा सत्यप्रकाश यादव आशीष बरनवाल अमित श्रीवास्तव देवांश श्रीवास्तव सूर्यांश श्रीवास्तव आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में भव्य दीक्षांत परेड आज

सुल्तानपुर। दादूपुर स्थित पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में रविवार सुबह 7:30 बजे वार्षिक दीक्षांत परेड का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक (सीआईडी/साइबर क्राइम) विनोद कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।कार्यक्रम में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी बृजेश कुमार मिश्रा प्रशिक्षुओं का स्वागत करेंगे। लगभग एक वर्ष पूर्व प्रशिक्षण के लिए पहुंचे सैकड़ों पुलिस रंगरूटों ने अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जिसके बाद अब वे औपचारिक रूप से पुलिस सेवा में शामिल होने के लिए तैयार हैं। दीक्षांत परेड को लेकर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। परेड ग्राउंड को रंग–रोगन कर सजाया गया है और पूरे परिसर को आकर्षक रूप दिया गया है। पीटीएस के पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया है। इस खास मौके पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिस कर्मियों के परिजन भी मौजूद रहेंगे, जिससे कार्यक्रम का उत्साह और बढ़ेगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद इन नवप्रशिक्षित पुलिसकर्मियों की तैनाती प्रदेश के विभिन्न जिलों में की जाएगी, जिससे उत्तर प्रदेश पुलिस बल और मजबूत होगा। यह दीक्षांत परेड न केवल प्रशिक्षुओं के लिए गौरव का क्षण है बल्कि प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को सु.ढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी माना जा रहा है।

# आईसीएसएसआर फेलोशिप में ममता का चयन

जौनपुर। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद हेतु घोषित फेलोशिप परिणामों में ममता सागर, पुत्री मोहन लाल का प्रतिष्ठित आईसीएसएसआर फेलोशिप के लिए चयन किया गया है। उनका शोध कार्य जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के डॉ. चंदन सिंह के निर्देशन में संचालित हो रहा है। ममता सागर का चयन उनके उत्कृष्ट शोध प्रस्ताव इंपैक्ट ऑफ डिजिटल इंडिया इनिशिएटिव वूमेन स्टडी ऑफ वाराणसी कमिश्नरेट तथा उल्लेखनीय शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर किया गया है। यह फेलोशिप सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में उच्चस्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदान की जाती है। विश्वविद्यालय प्रशासन एवं शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि ममता सागर की यह सफलता अन्य शोधार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी तथा विश्वविद्यालय में शोध संस्कृति को और सुदृढ़ करेगी ।आईसीएसएसआर फेलोशिप के अंतर्गत चयनित शोधार्थियों को मासिक आर्थिक सहायता के साथ–साथ शोध कार्य हेतु विशेष अनुदान भी प्रदान किया जाता है, जिससे वे अपने शोध को अधिक प्रभावी एवं व्यापक रूप से आगे बढ़ा सकें।

# डीआईओएस के विरूद्ध हाईकार्ट ने एसटीएफ को दिए जांच के आदेश

बाराबंकी। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बाराबंकी के डीआईओएस ओ.पी. त्रिपाठी को तत्काल पद से हटाने के आदेश दिए हैं। साथ ही पूरे मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी गई है। यह आदेश सीटी इंटर कॉलेज के प्रबंधक सरदार आलोक सिंह की याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने दिया। बता दें कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने शुक्रवार को शहर स्थित सिटी इंटर कॉलेज में शिक्षक अभय कुमार की पुनः नियुक्ति में कथित अनियमितताओं से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई करते हुए अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने पूरे प्रकरण को गंभीर अनियमितता मानते हुए जांच और कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए हैं। मामला रिट संख्या 14777ध2025 (सीध्एम, सिटी इंटरमीडिएट कॉलेज, बाराबंकी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य) से संबंधित है। याची संस्था की ओर से अधिवक्ता आकाश दीक्षित ने पैरवी की, जबकि प्रतिवादी पक्ष की ओर से मुख्य स्थायी अधिवक्ता तथा अधिवक्ता पवन कुमार पांडेय उपस्थित रहे। मामले के अनुसार सहायक अध्यापक (संस्कृत) अभय कुमार पर आरोप है कि उन्होंने प्रबंध समिति की अनुमति के बिना छत्तीसगढ़ के बीजापुर स्थित एकलव्य विद्यालय में प्रवक्ता पद ग्रहण कर लिया और बाद में पुनः पुराने संस्थान में ज्वाइन कर लिया। याची संस्था ने इसे अवैध बताते हुए न्यायालय में चुनौती दी। सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, बाराबंकी (डीआईओएस) तथा प्रधानाचार्य द्वारा बिना वैधानिक अनुमति के अभय कुमार को पुनः ज्वाइन कराया गया और अक्टूबर 2025 का वेतन भी जारी कर दिया गया जबकि अभय कुमार एकलव्य विद्यालय बीजापुर से 14 नवंबर 2025 को कार्यमुक्त हुआ था। न्यायालय ने इस पूरे घटनाक्रम को गंभीर प्रशासनिक अनियमितता माना। न्यायालय ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के महानिदेशक को निर्देश दिया कि प्रधानाचार्य डॉ. शिव चरण गौतम, डीआईओएस ओ.पी. त्रिपाठी और शिक्षक अभय कुमार के विरुद्ध जांच कर रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत करें। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जांच अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) से कम रैंक का न हो और आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञों की सहायता भी ली जा सके। यदि जांच में आपराधिक कृत्य पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही प्रारंभ करने की छूट भी दी गई है।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा पर प्रशासन सख्त

## डीएम-एसपी का औचक निरीक्षण, नकल पर जीरो टश्लरेंस

सुलतानपुर। जनपद में आयोजित होमगार्ड भर्ती परीक्षा को शुचितापूर्ण, नकल विहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह और पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था की गहन जांच करते हुए केंद्रों पर तैनात पुलिस बल की ड्यूटी चेक की और उन्हें पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान डीएम–एसपी लगातार भ्रमणशील रहे। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के अंदर और बाहर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, साथ ही सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता और प्रवेश द्वार पर सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) प्रक्रिया का भी बारीकी से अवलोकन किया। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों और पर्यवेक्षकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शासन की गाइडलाइंस का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही या संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों को भी लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# अपडेट मिसिंग इनफार्मेशन उपलब्ध करायें किसान

जौनपुर। उप कृषि निदेशक डा० वी०बी० द्विवेदी ने किसान बंधु को अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत रू० 6000 की वार्षिक धनराशि तीन समान किस्तों में आधार आधारित बैंक खाते में सीधे भेजी जाती है। भारत सरकार द्वारा जनपद के कई कृषक परिवारों की सूचनाए अपूर्ण पाए जाने पर उनके भुगतान पर रोक लगाई गयी है। इसमें विरासत से खेतीध्कृषि जमीन का आप द्वारा पूर्व भू–धारक का सही विवरण पंजीकरण के समय दर्ज नही कराया गया है। एक ही भूमि पर पूर्व एवं वर्तमान भू–स्वामी योजना का लाभ प्राप्त कर रहें है, लाभार्थी कृषक को 01 फरवरी 2019 के पश्चात विरासत के अतिरिक्त अन्य श्रोतो से भूमि प्राप्त हुई ळें उक्त कृषक परिवारों से अपील की गई है कि जिनकी किस्तें वर्तमान समय में प्राप्त नही हो रही है, भारत सरकार के पोर्टल पर उपलब्ध अपडेट मिसिंग इनफॉर्मेशन के अंतर्गत कृषक स्वयं अथवा नजदीकी जनसेवा केन्द्र के माध्यम से सूचनाएं एवं वांछित दस्तावेजों (जैसेः– आधार, पूर्व भू–स्वामी का मृत्यू प्रमाण–पत्र एवं सत्यापित खतौनी) को अपलोड ध् अद्यतन कराए, जिससे उनकी रोकी गई किस्त के भुगतान के संबंध में भारत सरकार द्वारा निर्णय लिया जा सकें। अधिक जानकारी के लिए विकास खण्ड के राजकीय कृषि बीज भण्डार एवं जनपदीय मुख्यालय उप कृषि निदेशक कार्यालय पर सम्पर्क कर सकते है।

# मलेरिया जागरूकता अभियान चलाया

जौनपुर । विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शनिवार को जनपद में व्यापक स्तर पर मलेरिया जागरूकता अभियान चलाया गया। मलेरिया को समाप्त करने का दृढ़ संकल्पः अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगाष् थीम के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में जागरूकता विचार गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें मलेरिया उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभात कुमार के नेतृत्व में आयोजित गोष्ठी में नोडल अधिकारी डॉ. बीसी पंत, जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव सहित अन्य वक्ताओं ने मलेरिया के कारण, लक्षण, बचाव, जांच, उपचार एवं जनजागरूकता पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया तथा पोस्टर और पैम्फलेट वितरित किए गए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने साफ–सफाई, जलजमाव रोकने, मच्छरों से बचाव और मलेरिया उन्मूलन के लिए उपस्थित अधिकारियों–कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई। चिकित्सा अधिकारी ने साफ–सफाई, जलजमाव रोकने, मच्छरों से बचाव और मलेरिया उन्मूलन के लिए उपस्थित अधिकारियों–कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई। गोष्ठी में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक, सहायक मलेरिया अधिकारी संजीव कुमार मिश्रा, मलेरिया–फाइलेरिया निरीक्षक, जिला अर्बन कोऑर्डिनेटर प्रवीण पाठक, एआरओ बृजेश यादव, चीफ फार्मासिस्ट अरविंद सिंह, एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. जियाउलहक सहित सीएमओ कार्यालय, जिला चिकित्सालय, मलेरिया–फाइलेरिया विभाग एवं विभिन्न ब्लॉकों से आए लैब टेक्नीशियन मौजूद रहे।

# नाली और इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य का लोकर्पण

जौनपुर। नगर पालिका परिषद क्षेत्रान्तर्गत मो० कलीचाबाद कैलाशपुरी कालोनी में शिवेन्द्र सिंह के गोदाम से जितेन्द्र कुमार सिंह के मकान तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य रू0–4.75 लाख, वार्ड मतापुर लाईन बाजार रोड से खजान्ची मौर्या के मकान होते हुए रामप्रकाश चौहान के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य रू0–9.51 लाख, वार्ड मियाँपुर में हरईपुर मुख्य मार्ग से नीलम श्रीवास्तव के मकान होते हुए संकट मोचन मन्दिर के आगे तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य रू0–13.43 लाख, वार्ड रामनगर भड़सरा में अनिल कुमार शुक्ला के मकान से सुधीर कुमार सिंह के मकान तक एवं विजय कुमार सिंह वाली गली में नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य रू0–8.92 लाख, मो० ढालगर टोला में वीणा रेस्टोरेन्ट से बलासम्स स्कूल तक केसीड्रेल नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य रू0–2.09 लाख तथा मो० रिजवी खां में चाद बाबू के मकान से मुमताज गोलू तक व अटाला मस्जिद के पीछे तक नाली व इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य रू0–5.48 लाख का लोकापर्ण अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, श्रीमती मनोरमा मौर्या द्वारा किया गय अलमास अहमद सिद्दीकी सभासद, रागिनी मौर्या अवर अभियन्ता जल, अवधेश राय कार्यालय अधीक्षक, जयविजय सोनकर, सत्येन्द्र सिंह, अनिल शुक्ला, सर्वेश सिंह, राशिद, चाँद बाबू, अंकित सिंह, विजय श्रीवास्तव, अनिल विश्वकर्मा, अभिषेक श्रीवास्तव एवं स्थानीय लोग उपस्थित थें।

# विधि की 6000 विधि की पुस्तकें मिली

जौनपुर। विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी लॉ इंस्टीट्यूट, जौनपुर स्थित एस.पी. गुप्ता मेमोरियल लॉ लाइब्रेरी को डॉ. अरुणिमा द्वारा विभिन्न शैक्षणिक एवं तकनीकी सामग्री का महत्वपूर्ण दान प्रदान किया गया है। इस दान से पुस्तकालय की सुविधाओं और संसाधनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे छात्रों और शोधार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण मिल सकेगा। दान में लगभग 6000 विधि पुस्तकों के साथ स्टील, लकड़ी और कांच की अलमारियां शामिल हैं। इसके अलावा बाउंड लीगल नोट्स, एक स्मृति कांच डिस्प्ले कैबिनेट भी दिया गया है, जिसमें स्वर्गीय एस.पी. गुप्ता के व्यक्तिगत उपयोग की वस्तुएंकृजैसे घड़ी, चश्मा, पेन, पोर्ट्रेट, कोर्ट ड्रेस और एमिटी विश्वविद्यालय से प्राप्त पीएचडी डिग्रीकृसुरक्षित रखी गई हैं।तकनीकी सुविधाओं के अंतर्गत पुस्तकालय को 10 कंप्यूटर सेट प्रदान किए गए हैं। साथ ही 10 कंप्यूटर टेबल और 10 कुर्सियां एवं अन्य उपकरण भी दिए गए हैं। संस्थान के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में इस उदार योगदान के लिए डॉ. अरुणिमा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से न केवल पुस्तकालय की गुणवत्ता में सुधार होता है, बल्कि विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधनों से जुड़ने का अवसर भी मिलता है।

# बिजली कटौती के खिलाफ कांग्रेस प्रदर्शन

जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर में अघोषित बिजली कटौती और प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ आक्रोशित कांग्रेसियों ने पार्टी के ब्लाक अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी मिश्रा के नेतृत्व में विद्युत उपकेंद्र मुंगराबादशाहपुर पर नारेबाजी करते हुए शनिवार को धरना प्रदर्शन किया। आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार पर स्मार्ट मीटर से जनता का खून चूसने का आरोप लगाया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार प्रदेश की भोली भाली जनता और बिजली उपभोक्ताओं को खुलेआम लूट रही है, स्मार्ट मीटर जनता को लूटने की सरकारी मशीन है, इससे जनता में भारी आक्रोश है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने जनपद जौनपुर में अघोषित बिजली कटौती का आरोप लगाते हुए कहा कि इस समय चौबीस घंटे में मात्र दस से बारह घंटे बिजली सप्लाई हो रही है, इतनी बड़ी कटौती से जनजीवन बेहाल हो गया है। कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष राजकुमारी मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर जनता को परेशान कर रही है, बिजली सबसे मूलभूत आवश्यकता है किंतु सरकार की कटौती नीति ने जनता का जीना दुभर कर दिया है। नगर अध्यक्ष निशु केसरी ने माँग किया कि सरकार प्रीपेड मीटरों को तत्काल वापस ले और ग्रामीण क्षेत्रों मे कम से कम बीस घंटे बिजली सप्लाई किया जाना सुनिश्चित करें। इरशाद खान, यशस्वी सिंह सृजन, जिला सत्यदेव गुप्ता, चंद्र शेखर शुक्ला, संतोष पांडे जिला सचिव, सत्येंद्र विक्रम सिंह, संजीव कुमार पांडे, डॉ अतुल कुमार त्रिपाठी ,संजय विश्वकर्मा ,उमाशंकर गुप्ता राजू, ज्योति सिंह, पुष्पा देवी, प्रियंका कुमारी, गोमती देवी, मीनाक्षी,मंजू, उषा,बबीता सरोज,संतरा देवी,आदि मौजूद रही।

# पूर्व न्यायाधीश ने किया विधि पुस्तकालय का लोकार्पण

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान में शनिवार को 'एस. पी. गुप्ता स्मृति विधि पुस्तकालय' का उद्घाटन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस आर. के. अग्रवाल ने विधिवत फीता काटकर पुस्तकालय का लोकार्पण किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि विधि शिक्षा के सुदृढ़ीकरण में आधुनिक पुस्तकालयों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।विद्यार्थियों को पुस्तकों के माध्यम से निरंतर अध्ययन करते हुए अपने ज्ञान का पुनरावलोकन और सुधार (रीड एंड रिपेयर) करते रहना चाहिए।उन्होंने कहां की यह केवल पुस्तकालय नहीं है बल्कि विद्यार्थियों के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगी। अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि यह पुस्तकालय नहीं बल्कि संस्था के तरफ से विश्वविद्यालय को बहुत बड़ा आशीर्वाद दिया गया है इस ट्रस्ट द्वारा दी गई सामग्रियों को विश्वविद्यालय निरंतर सजो कर रखेगा।उन्होंने कहा की विधि के विद्यार्थी इन पुस्तकों से अपने ज्ञान का विस्तार करेंगे ऐसी उन्हें पूरी उम्मीदहै। न्यासी डॉ. अरुणिमा परोलिया ने कहा कि उन्होंने अपने पिता स्व एस पी गुप्ता की विरासत को विश्वविद्यालय को समर्पित किया है जिससे आने वाली पीढ़ी अपने ज्ञान का विस्तार कर पाएंगे।

# रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा में 497 रिक्रूट आरक्षियों की पासिंग आउट परेड का ग्रैंड रिहर्सल सम्पन्न, उत्कृष्ट अनुशासन, दक्षता एवं उच्चस्तरीय प्रशिक्षण का प्रदर्शन

अलावल देवरिया (गोण्डा) 24 अप्रैल। शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन, गोण्डा के परेड ग्राउण्ड में 497 रिक्रूट आरक्षियों की पासिंग आउट परेड का ग्रैंड रिहर्सल पूर्ण गरिमा, अनुशासन एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा परेड की सलामी ली गई तथा परेड का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने परेड में प्रदर्शित अनुशासन एवं ड्रिल के उच्च स्तर पर संतोष व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए। रिहर्सल के दौरान प्रशिक्षु आरक्षियों को शपथ दिलाई गई तथा इनडोर एवं आउटडोर विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने प्रेरक उद्बोधन में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के महत्व पर विशेष बल दिया गया तथा नवप्रशिक्षित आरक्षियों को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा इण्डोर एवं आउटडोर प्रशिक्षकों के उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पण की सराहना की गई। उनके कुशल मार्गदर्शन में रिक्रूट आरक्षियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सतत प्रेरित करते हुए उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसके परिणामस्वरूप उनके अनुशासन, दक्षता एवं पेशेवर कौशल में उल्लेखनीय निखार परिलक्षित हुआ। दिनांक 26 अप्रैल 2026 (रविवार) को प्रातः 8 बजे रिजर्व पुलिस लाइन, गोण्डा के परेड ग्राउण्ड में रिक्रूट आरक्षियों का दीक्षान्तध्पासिंग आउट परेड समारोह पूर्ण गरिमा एवं भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिरीक्षक, देवीपाटन परिक्षेत्र, गोण्डा अमित पाठक द्वारा परेड की सलामी ग्रहण की जाएगी तथा परेड का निरीक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर रिक्रूट आरक्षियों द्वारा उत्कृष्ट ड्रिल एवं प्रशिक्षण कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा, साथ ही इनडोर एवं आउटडोर प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आरक्षियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान शपथ ग्रहण, संबोधन एवं अन्य औपचारिकताएं सम्पन्न होंगी।

## विद्यालय परिवार ने विद्यालय के टाप टेन सफल परीक्षार्थियों को माला पहनाकर उन्हें सम्मानित किया

गोण्डा। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में एक बार फिर बेलसर के परसदा स्थित संत कबीर इंटर कालेज का परचम लहराया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में सफल परीक्षार्थियोंः विद्यालय के टाप टेन सूची में सफल रहे छात्र–छात्राओ में प्रथम श्रेया शुक्ला (91.5प्रतिशत) पुत्री संतोष शुक्ला, दूसरे स्थान सना (81.8 प्रतिशत) पुत्री मो० मुस्तकीम, तीसरे स्थान यश (80.3 प्रतिशत) पुत्र संजय कुमार, चौथे स्थान ज्योति गुप्ता (80 प्रतिशत) पुत्री बेचन लाल, पांचवें स्थान स्नेहा गुप्ता (78.8 प्रतिशत) पुत्री दिनेश कुमार छठे स्थान संचित सिंह (77 प्रतिशत) पुत्र प्रमोद सिंह सातवें स्थान प्रिंसी सिंह (74.8 प्रतिशत) पुत्री विनय कुमार आठवें स्थान स्नेहा मौर्या (74.5 प्रतिशत) पुत्री अनिल कुमार नौवें स्थान सिमरन यादव (73.5 प्रतिशत) पुत्री बृजकिशोर यादव व दसवें स्थान पर आए अनिल पाण्डेय (73.3 प्रतिशत) पुत्र अवधेश पाण्डेय को प्रधानाचार्य सगीता त्रिपाठी एवं विद्यालय परिवार के शिक्षकों द्वारा माला पहनकर, मिष्ठान खिलाकर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार तिवारी व समस्त विद्यालय परिवार व अभिभावकगण उपस्थित रहे। बच्चों की सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार तिवारी, विद्यालय की प्रधानाचार्या सगीता त्रिपाठी द्वारा छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## आमजन की समस्याओं का समाधान ही सर्वोच्च प्राथमिकता-जिलाधिकारी

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में आमजन की शिकायतों और समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। जिलाधिकारी ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रत्येक फरियादियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्र को गम्भीरतापूर्वक देखा तथा उनकी समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता से निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और वह यह सुनिश्चित करेंगे कि हर पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले और उन्हें त्वरित न्याय मिले। इस दौरान जिलाधिकारी को कुल 12 शिकायती प्राथना पत्र प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

## टीबी मरीजों का संबल बने निक्षय मित्र, 400 को बांटी गई पोषण किट

श्रावस्ती जिलाधिकारी अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी अन्नपूर्णा गर्ग के निर्देश पर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चल रही ''निक्षय मित्र'' योजना जिले के टीबी मरीजों के लिए संजीवनी बन रही है। अब मरीजों का इलाज केवल दवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें समाज के सहयोग से पोषण और मानसिक संबल भी मिल रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिले के मल्हीपुर, इकौना, गिलौला और सोनवा सीएचसी पर एक ही दिन में करीब 400 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की गई। मल्हीपुर सीएचसी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दद्दन मिश्रा ने मरीजों को किट प्रदान की और समाज के हर वर्ग से मरीजों की मदद के लिए आगे आने को कहा। उन्होंने कहा एक समय था जब टीबी मरीजों को सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क दवा तो मिल जाती थी, लेकिन पोषण और सामाजिक सहयोग के अभाव में उनके लिए बीमारी से उबरना कठिन हो जाता था। अब स्थिति बदल रही है। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चल रही निक्षय मित्र पहल ने उपचार को दवा से आगे बढ़ाकर मरीजों को पोषण और मानसिक संबल से जोड़ दिया है, जिससे उनके स्वस्थ होने की राह मजबूत हो रही है। वहीं, इकौना व गिलौला में पंडित राम फेरन पांडेय और आशुतोष पांडेय द्वारा 100–100 मरीजों को पोषण पोटलियां बांटी गईं, जबकि सोनवा सीएचसी में भी 100 मरीजों को यह सहायता दी गई। उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संत कुमार ने बताया कि जिले में एक जनवरी से अब तक इलाजरत 1205 में से 630 मरीजों को निक्षय मित्रों के माध्यम से यह लाभ मिल रहा है। इससे मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता और बीमारी से लड़ने का आत्मविश्वास बढ़ा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने जनपद के संभ्रांत लोगों और समाजसेवियों से अधिक से अधिक संख्या में शिनक्षय मित्रश् बनकर टीबी मरीजों को गोद लेने की अपील की है, ताकि श्रावस्ती को जल्द से जल्द टीबी मुक्त बनाया जा सके।

## हाईस्कूल परीक्षा में कम अंक मिलने से आहत हाईस्कूल छाता ने दी जान, परिवार में मचा कोहराम

गोण्डा। देहात कोतवाली क्षेत्र के भीटी भदवाल गांव में हाईस्कूल परीक्षा परिणाम से निराश एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली। 21 वर्षीय रूपा गुप्ता ने परीक्षा में 77.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे, लेकिन अपने तय लक्ष्य 80 प्रतिशत से अधिक अंक न आने से वह गहरे अवसाद में चली गईं। परिजनों के अनुसार, गुरुवार देर रात रूपा ने घर के बरामदे में जहरीला पदार्थ खा लिया। बरामदे में गिरती हुई रूपा को उनकी भाभी ने देखा और तुरंत परिवार को सूचना दी। आनन–फानन में परिजन उसे गोण्डा मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रास्ते में रूपा ने अपनी भाभी से हाथ जोड़कर माफी भी मांगी थी। बताया गया कि रूपा ने हाईस्कूल परीक्षा में 600 में से 464 अंक प्राप्त किए थे। विभिन्न विषयों में उसे ए और बी ग्रेड भी मिले थे, इसके बावजूद वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं थी। परिवार के लोगों का कहना है कि वह 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने का लक्ष्य बनाकर पढ़ाई कर रही थी। रूपा श्री कुंज बिहारी स्मारक इंटर कॉलेज, सुभागपुर पंडरी कृपाल की छात्रा थी। वह अपने तीन भाइयों में सबसे छोटी थी। डेढ़ वर्ष की उम्र में ही उसके पिता राधेश्याम गुप्ता का निधन हो गया था, जिसके बाद मां सुमिरता और भाइयों ने मिलकर उसका पालन–पोषण और पढ़ाई कराई। मां सुमरिता ने रोते हुए बताया कि रूपा ने परिणाम आने के बाद कहा था, "मम्मी मैं फेल हो गई हूं, अब नहीं पढ़ूंगी।" जबकि वह आगे इंटरमीडिएट तक पढ़ाई कर नौकरी करने का सपना देख रही थी। परिवार में 26 अप्रैल को भाई का गौना कार्यक्रम होना था, जिसकी तैयारियां चल रही थीं, लेकिन इस घटना से खुशियां मातम में बदल गईं। देहात कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बकरी चोरी करने का आरोपी अभियुक्तगिरफ्तार

गोण्डा। थाना वजीरगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 118ध्26, धारा 303 (2) बीएनएस व बढोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस से संबंधित आरोपी अभियुक्त रिजवान कंकाली पुत्र जहीर कंकाली निवसी ग्राम हजरतपुर थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा को हजरतपुर चौराहे से चन्द्रापुर रोड से थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक जनपद में विगत कुछ दिनों में विभिन्न थाना क्षेत्रों में बकरी चोरी की घटनाएं प्रकाश में आई थी। उक्त घटनाओं को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा घटनाओं के शीघ्र एवं सफल अनावरण तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण में बकरी चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा क्षेत्र में लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी की गई तथा खुफिया सूचनाओं का प्रभावी संकलन किया गया। पुलिस टीमों की सक्रिय कार्यवाही के फलस्वरूप बकरी चोरी करने वाले एक अंतर्जनपदीय संगठित गिरोह का सफलतापूर्वक पर्दाफाश करते हुए बीते 10 अप्रैल 2026को 4 शातिर अभियुक्तों– 1. रफीक पुत्र तौफीक, 2. शकील पुत्र अब्दुल खालिक, 3. शमसुद्दीन पुत्र भगोले, 4. रहीश पुत्र रशीद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6 अदद चोरी की बकरियां, घटना में प्रयुक्त 2 अदद स्कॉर्पियो वाहन तथा ध्23,800ध– नकद बरामद किया गया। तथा अभियुक्त रिजवान कंकाली पुत्र जाहीर कंकाली गिरफ्तारी से बचने हेतु फरार चल रहा था। आज शुक्रवार को फरार चल रहा अभियुक्त रिजवान कंकाली पुत्र जहीर कंकाली निवसी ग्राम हजरतपुर थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा को हजरतपुर चौराहे से चन्द्रापुर रोड से गिरफ्तार किया गया।

## नहर विभाग की लापरवाही बनी जानलेवा, पुलिया से गिरकर युवक की मौत

गोण्डा। जनपद में नहर विभाग की लापरवाही एक बार फिर एक युवक की मौत का कारण बन गई। कर्नलगंज कोतवाली के बालपुर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत पतिसा गांव के पास सरयू नहर की पुलिया से गिरकर बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धमरैया गांव निवासी महेश शुक्ला 45 वर्ष किसी निमंत्रण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद गुरूवार की देर रात बाइक से अपने घर लौट रहे थे, जैसे ही वह बालपुर और पतिसा गांव के बीच स्थित सरयू नहर की पुलिया पर पहुंचे, वहां रेलिंग न होने के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे गहरी नहर में जा गिरे। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त पुलिया पर लंबे समय से सुरक्षा रेलिंग नहीं है, जिससे पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद नहर विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया, जिससे यह हादसा हुआ। घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से महेश को नहर से बाहर निकाला गया, लेकिन समय पर इलाज न मिल पाने के कारण उनकी मौत हो गई। जैसे ही यह खबर धमरैया गांव पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं, इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने नहर विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि समय रहते पुलिया पर रेलिंग लगाई गई होती, तो एक युवक की जान बच सकती थी। घटना की सूचना मिलते ही बालपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। कर्नलगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि मृतक की पहचान धमरैया गांव निवासी महेश शुक्ला के रूप में हुई है।

## कर्म ही पूजा है, इसे भूलना नहीं चाहिए - कथा प्रवाचक चंद्रकुमार शुक्ल चन्दा

करनैलगंज(गोण्डा)। करनैलगंज क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम कुंअरपुर अमरहा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा प्रवाचक चंद्रकुमार शुक्ल चन्दा ने अजामिल चरित्र, प्रहलाद चरित्र, पुरंजन उपाख्यान एवं गजेन्द्र मोक्ष की कथा प्रस्तुत की। कथा का सारांश प्रस्तुत करते हुए प्रवाचक ने कहा कि तीन चीजें बड़े भाग्य से मिलती हैं मानव जीवन, सत्संग एवं अच्छे मित्रों का सानिध्य। सादा जीवन और उच्च विचार सनातन धर्म की पृष्ठभूमि रही है। हम सबको अपने कर्तव्य कर्म का पालन बहुत ही कर्मठता से करना चाहिए। क्योंकि कर्म ही पूजा है, इसे भूलना नहीं चाहिए। साधु की संगति इतर बेचने वाले की संगति के समान लाभकारी है। यदि इतर बेचने वाले के पास बैठा जाय तो उसको कुछ न देने पर भी उससे सुगंधी मिलती है। वैसे संत–सज्जनों के पास बैठने पर वे चाहे बोलें या न बोलें तो भी उनसे सत्प्रेरणा मिलती है। मलयगिर की सुगंधि में जैसे नीम भी चंदन बन जाता है वैसे संत–सज्जनों की संगत में सामान्य जन भी महान हो जाते है। उन्होंने कहा कि भोजन में नशा और मांस, अंडा, मछली आदि अशुद्ध आहार का त्याग करना अत्यंत आवश्यक है। भागवत जी ने नशा और मांसाहार का कड़े शब्दों में निषेध किया है। क्योंकि इन स्थानों पर राजा परीक्षित ने कलियुग को स्थान दिया है इसलिए जो मांस खाता है, शराब पीता है, वेश्यागमन करता है, जुआ खेलना है और चोरी करता है,

## गैस एजेंसी पर टेंट, कुर्सी, पेयजल की हुई व्यवस्था

करनैलगंज(गोण्डा) डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस किल्लत के मामले में एसडीएम नेहा मिश्रा ने कड़ा रुख अपनाया है। वहीं गैस एजेंसी पर सिलिंडर लेने के लिए आने वाले ग्राहकों के बैठने के लिए टेंट लगाकर कुर्सी, पेयजल की व्यवस्था कर दी गई है। एसडीएम नेहा मिश्रा ने बीते दिनों मनोकामना इंडेन गैस एजेंसी पर छापेमारी की कार्रवाई की थी। वहां मौजूद भीड़ में लोगों के बैठने या धूप से निपटने के लिए छाया, पेयजल की व्यवस्था नहीं मिली थी। जिसपर उन्होंने एजेंसी संचालक को व्यवस्था कराने के निर्देश दिए थे। जिसके क्रम में अब वहां टेंट, कुर्सी और पीने के लिए पानी की व्यवस्था हो गई है। दूसरी तरफ एसडीएम ने बताया कि पेट्रोल पंपों पर डीजल, पेट्रोल की किल्लत बताकर बिक्री बंद करके रातोरात तेल की बिक्री किए जाने की शिकायत मिली है। उन्होंने चेतावनी के साथ सभी पेट्रोल पंप संचालकों को नोटिस जारी कर किसानों के अलावा किसी को जरीकेन में तेल न देने, तेल उपलब्ध रहने तक ग्राहकों को वितरण किया जाय, पंप के बाहर बोर्ड लगाकर ग्राहकों को बताया जाय कि तेल की किल्लत नहीं है। यदि किसी पंप पर रात में डीजल, पेट्रोल की बिक्री करते हुए शिकायत मिली तो संबंधित पेट्रोल पंप को सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। जब तेल बिल्कुल न हो तब पंप बंद किया जाय।

## आयुक्तदुर्गा शक्तिनागपाल ने किया "चाय एण्ड चौप्टर्स" लाइब्रेरी का उद्घघाटन

गोण्डा,। विकास भवन परिसर स्थित शक्ति कैफे में शुक्रवार को "अरगा ज्ञान गंजरू चाय एण्ड चौप्टर्स"पहल का सफल शुभारंभ किया गया। इस पहल के तहत अब जनपद के युवाओं को सुरक्षित, शांत एवं सुविधाजनक वातावरण में बैठकर अध्ययन करने के लिए एक उपयुक्त स्थान उपलब्ध हो गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आयुक्त, देवीपाटन मंडल दुर्गा शक्ति नागपाल उपस्थित रहीं, जिन्होंने लाइब्रेरी का उद्घघाटन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी भी उपस्थित रहीं। आयुक्त ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी की इस अभिनव पहल की सराहना की। इस दौरान कमिश्नर डीएम और सीडीओ ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं को मेडल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें, डायरी एवं पेन भी भेंट किए। कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं से बात करते हुए आयुक्त ने कहा कि "चाय की चुस्की के साथ ज्ञान की राह" जैसी पहलें समाज में सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देती हैं तथा महिलाओं एवं युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने इसे सामाजिक जागरूकता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रभावी प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों की सफलता में उनके अलावा उनके अभिभावकों का भी काफी योगदान है। उन्होंने युवाओं से अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने तथा जीवन के प्रत्येक लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनपद की युवाओं को पढ़ने के लिए अच्छी और सुरक्षित जगह मिली है। सभी छात्र–छात्रायें अपने जीवन के हर लक्ष्य को प्राप्त करें। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि विकास भवन परिसर में स्थापित इस लाइब्रेरी से विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। उन्होंने बताया कि शक्ति कैफे में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार पौष्टिक भोजन भी उपलब्ध है, जिससे छात्र–छात्राएं अध्ययन के साथ–साथ स्वास्थ्य का भी ध्यान रख सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह लाइब्रेरी सभी विद्यार्थियों के लिए खुली है और कोई भी यहां आकर अध्ययन कर सकता है। मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कहा कि इस लाइब्रेरी के निर्माण से छात्र–छात्राओं को शांत एवं अनुकूल वातावरण में अध्ययन करने की सुविधा प्राप्त हुई है। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया।

## हीट वेव (लू) से बचाव के लि, चलाया जा, व्यापक जन जागरूकता अभियान-जिलाधिकारी

श्रावस्ती। मौसम विभाग द्वारा इस वर्ष तापमान वृद्धि के पूर्वानुमान एवं जनपद की वर्तमान स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आम जनमानस एवं पशु–पक्षियों को हीट वेव (लू) से बचाने के लिए समस्त उपाय करने के निर्देश दिये है। हीट वेव से बचाव के लिए जन–जागरूकता के महत्व को देखते हुए जिलाधिकारी ने आज हीट वेव से बचाव हेतु जन जागरूकता पोस्टर व पम्पलेट जारी किये है। उन्होने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा है कि अपने–अपने कार्यालयों में हीट वेव से बचाव के उपाय करें एवं जहां भी आमजन का आवागमन रहता है, वहां पर हीट वेव जागरूकता पोस्टर चिपकाये जाएं। सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान शिक्षक छात्रों को हीट वेव से बचने के उपाय अनिवार्य रूप से बताएं। जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के संयोजन में सशस्त्र सीमा बल, रेडक्रॉस एवं आपदा मित्रों के माध्यम से विद्यालयों, सरकारी कार्यालयों एवं चौपालों पर जन जागरूकता अभियान संचालित किये जाएं। उन्होने नगर पालिकाध्नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों पर शीतल पेयजल, छायादार शेल्टर एवं पशुओं के लिए भी जगह–जगह पर पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिये है। जिला पंचायत राज विभाग को ग्राम स्तर पर एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को विद्यालयों में शीतल जल की व्यवस्था करने के निर्देश दिये है। मुख्य चिकित्साधिकारी को संयुक्त जिला चिकित्सालय एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कोल्डरूम एवं शीतल जल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। सभी चिकित्सालयों में हीटवेव से बचाव हेतु दवाईयां एवं अन्य तैयारियां पर्याप्त मात्रा में किये जाने के निर्देश दिये।

## जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक ने सुनी जन समस्याएं

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी' द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित 'जनता दर्शन' के दौरान आमजन की शिकायतों व समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान 'जमीनी विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद एवं अन्य प्रकार के प्रकरणों' से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्रत्येक प्रकरण पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को 'शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण' के निर्देश दिए गए। जनता दर्शन के माध्यम से पुलिस प्रशासन और आमजन के मध्य संवाद स्थापित कर त्वरित न्याय की भावना को सशक्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

## श्रावस्ती में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आरक्षियों द्वारा पासिंग आउट परेड की रिहर्सल परेड का हुआ आयोजन

श्रावस्ती। पुलिस लाइन, श्रावस्ती में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों द्वारा आगामी पासिंग आउट परेड की तैयारियों के अंतर्गत एक रिहर्सल परेड का आयोजन किया गया। रिहर्सल के दौरान प्रशिक्षणरत आरक्षियों ने उत्‌ष्ट अनुशासन, एकरूपता एवं सटीक ड्रिल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। परेड का निरीक्षण 'पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी' द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने परेड की सलामी ली तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता का सूक्ष्म अवलोकन किया।

## जिलाधिकारी के निर्देश पर दूसरे दिन भी जनगणना प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग के निर्देशानुसार त्रिदिवसीय जनगणना प्रशिक्षण का जनपद में आज दूसरे दिन भी तीनों तहसीलों में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम को बारीकी से परखा एवं प्रशिक्षकों को जनगणना से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर जनगणना ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को सही ढंग से दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस प्रशिक्षण में उपस्थित गणनाकर्मियों को जनगणना से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं, प्रक्रियाओं एवं तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

## जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की प्रथम बैठक सम्पन्न, अध्यक्ष का किया गया चयन

कुशीनगर, (आरएनएस)। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौड़ को जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति का अध्यक्ष नामित किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समिति में 5 ग्राम पंचायतों के निर्वाचित ग्राम प्रधानों, जिनमें कम से कम दो महिलाएं हों, को शामिल किया जाएगा। साथ ही एक प्रतिष्ठित गैर–सरकारी संगठन से एक सदस्य तथा अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला वर्ग से एक–एक प्रतिनिधि को भी नामित किया जाएगा। समिति के प्रमुख कार्यों में विकास कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन में आने वाली बाधाओं को दूर करना, लाभार्थियों के चयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करना तथा निधियों के दुरुपयोग से संबंधित शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की संस्तुति करना शामिल है। समिति आवश्यकतानुसार मामलों को जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी अथवा परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को जांच हेतु प्रेषित कर सकेगी। जिला प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि यह समिति जनपद में विकास कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बैठक में विधायक पडरौना मनीष जायसवाल, विधायक फाजिलनगर सुरेन्द्र कुशवाहा, विधायक हाटा मोहन वर्मा, विधायक तमकुही डॉ० असीम कुमार तथा विधायक खड्डा विवेकानन्द पाण्डेय, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, नामित प्रतिनिधि मोहम्मद जफर, डिप्टी कलेक्टर, जिला विकास अधिकारी, जनपद स्तरीय अधिकारी, विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि, ब्लॉक प्रमुख विशुनपुरा मौजूद रहे।

## गदे पानी में कैद जिंदगी- पडरौना शहर के मुन्ना कालोनी में जलजमाव की त्रासदी

कुशीनगर, (आरएनएस)। जनपद के नगर पालिका परिषद पडरौना के मुन्ना कॉलोनी, तिलक नगर के करीब 35–40 परिवार आज भी ऐसे हालात में जीने को मजबूर हैं, जिसे सुनकर किसी भी संवेदन शील व्यक्ति का दिल दहल जाए। साफ–सफाई और जल निकासी जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित यह कॉलोनी इन दिनों बदबू, सड़न और जलभराव की त्रासदी झेल रहे है। स्थानीय निवासी एवं अधिवक्ता प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा नगर पालिका को दिए गए पत्र में कहा गया है कि कॉलोनी में नाली व्यवस्था पूरी तरह ठप है। नतीजतन गंदा पानी खाली जमीन में जमा होकर करीब 3 फीट तक भर गया है। हालात यह हैं कि इस सड़े हुए पानी से उठ रही दुर्गन्ध ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। वहीं मच्छरों और बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सबसे चिंताजनक बात यह है कि जलभराव के चलते करीब 10 मकान गिरने के कगार पर पहुंच चुके हैं। दीवारों में दरारें पड़ने लगी हैं और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बावजूद इसके नगर पालिका प्रशासन अब तक पूरी तरह बेखबर है। गौरतलब है कि कॉलोनीवासियों ने इस गंभीर समस्या को लेकर पहले भी 1 दिसंबर 2025 को अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिए थे। इसके बावजूद अब तक न तो नाली बनी और न ही जल निकासी की कोई व्यवस्था की गई। कॉलोनीवासियों का कहना है कि अगर जल्द ही नाली और सड़क निर्माण नहीं कराया गया तो यह समस्या किसी बड़ी जनहानि का कारण बन सकती है।

# श्रीसंत ने किया बड़ा दावा, हरभजन सिंह ने थप्पड़कांड से कमाए 1 करोड़ रुपये

श्रीसंत और हरभजन सिंह का थप्पड़कांड की चर्चा शुरू हो गई है। 2008 में हुए विवाद ने उस वक्त काफी सुर्खियां बटोरी थीं। अब श्रीसंत के बयान से एक बार फिर ये वाकया सुर्खियों में आ गया है। दरअसल, श्रीसंत ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भज्जी ने थप्पड़कांड पर आधारित एक विज्ञापन से करीब 1 करोड़ रुपये कमाए हैं।आईपीएल 2026 के बीच एक बार फिर श्रीसंत और हरभजन सिंह का थप्पड़कांड की चर्चा शुरू हो गई है। 2008 में हुए विवाद ने उस वक्त काफी सुर्खियां बटोरी थीं। अब श्रीसंत के बयान से एक बार फिर ये वाकया सुर्खियों में आ गया है। दरअसल, श्रीसंत ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भज्जी ने थप्पड़कांड पर आधारित एक विज्ञापन से करीब 1 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसके अलावा श्रीसंत ने कहा कि अब उन्होंने हरभजन को इंस्टाग्राम पर ब्लॉक भी कर दिया है। इंडिया टुडे के हवाले से श्रीसंत ने कहा कि मैंने कभी किसी इंटरव्यू में भज्जी को लेकर बात नहीं की जब तक कोई विवाद नहीं था। लेकिन उन्होंने उस बारे में एक विज्ञापन से करीब 80 लाख से 1 करोड़



रुपये कमाए। फिर उन्होंने मुझे कॉल करके उस विज्ञापन को स्टोरी पर शेयर करने के लिए कहा। श्रीसंत ने आगे कहा कि, मैंने उनसे कहा कि मैं माफ कर दूंगा लेकिन कभी भूलूंगा नहीं। अगर आपके साथ कोई गलत है तो आपको उन्हें माफ करदेना चाहिए लेकिन भूलना नहीं चाहिए।

# मैथ्यू हेडन का बड़ा बयान, आईपीएल को इंटरनेशनल क्रिकेट से बड़ा समझते हैं विदेशी खिलाड़ी

मैथ्यू हेडन ने ऑल ओवर बार द क्रिकेट पॉडकास्ट पर बताया कि, अलग–अलग टीमों से बात करने पर मुझे लगता है कि विदेशी खिलाड़ी खासकर साउथ अफ्रीका के खिलाड़ी हम कुछ हद तक, न्यूजीलैंड के खिलाड़ी इस कॉम्पिटिशन को ऐसे दिखाते हैं जैसे ये इंटरनेशनल क्रिकेट से भी बड़ा हो। हेडन ने आगे कहा कि वह समझते हैं कि विदेशी खिलाड़ी ऐसा क्यों सोचते हैं और उन्होंने इसके बारे में समझाया भी।आईपीएल दुनिया की सबसे महंगी क्रिकेट लीग है। हर कोई इस लीग में खेलना की इच्छा रखता है। विदेशी खिलाड़ी तो आईपीएल खेलने के लिए रिटायरमेंट तक ले लेते हैं, क्योंकि उन्हें आईपीएल में खेलने के लिए एनओसी की जरूरत पड़ती है और कई बार बोर्ड अपने खिलाड़ी को एनओसी देने में आनाकानी करते हैं। ऐसे में खिलाड़ी रिटायर हो जाते हैं और फ्री एजेंट के तौर पर टूर्नामेंट खेलते हैं। इस बीच ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने बड़ा बयान दिया है। आईसीसी ने आईपीएल को ही इंटरनेशनल क्रिकेट में विंडो दी हुई है, जब कहीं किससी तरह की क्रिकेट नहीं खेली जाती है। अगर खेली भी जाती है तो बड़े देश उसमें कम शामिल होते हैं। बहुत से खिलाड़ी हैं जो अपने देश की क्रिकेट से आगे आईपीएल को तवज्जो देते हैं। ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज मैथ्यू हेडन, जो अभी आईपीएल 2026 मेंगुजरात टाइटंस के बल्लेबाजी कोच हैं, उन्होंने बताया कि कई विदेशी खिलाड़ी आईपीएल को न्यूजीलैंड के खिलाड़ी इस कॉम्पिटिशन को ऐसे दिखाते हैं




इंटरनेशनल क्रिकेट से भी बड़ा मानते हैं। मैथ्यू हेडन ने ऑल ओवर बार द क्रिकेट पॉडकास्ट पर बताया कि, अलग–अलग टीमों से बात करने पर मुझे लगता है कि विदेशी खिलाड़ी खासकर साउथ अफ्रीका के खिलाड़ी हम कुछ हद तक, जैसे ये इंटरनेशनल क्रिकेट से भी बड़ा हो। हेडन ने आगे कहा कि वह समझते हैं कि विदेशी खिलाड़ी ऐसा क्यों सोचते हैं और उन्होंने इसके बारे में समझाया भी। उनका कहना है कि करीब दो महीने तक सिर्फ क्रिकेट ही यहां खेली जाती है।

# दिल्ली कैपिटल्स की बैटिंग पर बोले ट्रिस्टन स्टब्स- घबराने की जरूरत नहीं,

दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स ने टीम की बल्लेबाजी पर चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि हर मैच में लक्ष्य का पीछा करने के कारण प्रदर्शन खराब दिख रहा है। उन्होंने माना कि टीम ने अभी तक 'परफेक्ट' पारी नहीं खेली है, लेकिन हारे हुए मैचों में भी 190 के करीब रन बनाए हैं।दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स ने टीम की बल्लेबाजी को लेकर जताई जा रही चिंताओं को कम करते हुए कहा कि उनका प्रदर्शन खराब इसलिए दिख रहा है क्योंकि इस सत्र में वे हर मैच में लक्ष्य का पीछा कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि वे अभी तक कोई 'परफेक्ट' पारी नहीं खेल पाए हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने छह मैचों में से तीन जीते हैं और तीन हारे हैं। इस टूर्नामेंट में उन्होंने अभी तक कोई लक्ष्य नहीं दिया है।स्टब्स का मानना है कि इसी वजह से उनकी बल्लेबाजी के प्रदर्शन को लेकर लोगों की राय ऐसी बनी है। स्टब्स ने मैच की पूर्व संध्या पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा, "हमारा प्रदर्शन खराब इसलिए दिख रहा है क्योंकि हम हर मैच में लक्ष्य का पीछा कर रहे हैं। पिछले मैच में हमने एक ही ओवर में तीन विकेट गंवा दिए थे "हमने अभी तक कोई परफेक्ट



और हमारी बल्लेबाजी भी बहुत अच्छी नहीं रही थी।फिर भी हम 190 से ज्यादा रन बनाने में कामयाब रहे। " उन्होंने कहा, पारी नहीं खेली है, लेकिन हमने छह में से तीन मैच जीते हैं। यहां तक घ्घकि जिन मैचों में हम हारे हैं, उनमें भी हमने 190 रन बनाए हैं।

# बेंगलुरु ने एकतरफा मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराया, कोहली-पडिक्कल की जोड़ी ने किया कमाल

आईपीएल 2026 के मैच में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात टाइटन्स को पांच विकेट से हरा दिया। इस दौरान पडीक्कल और कोहली के बीच दूसरे विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी से आरसीबी लक्ष्य हासिल करने के करीब पहुंच गई।रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 के मैच में गुजरात टाइटन्स को पांच विकेट से हरा दिया। इस दौरान पडीक्कल और कोहली के बीच दूसरे विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी से आरसीबी लक्ष्य हासिल करने के करीब पहुंच गई। टीम ने अंत में 18.5 ओवर में 206 रन का लक्ष्य पूरा कर लिया और 10 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। इस दौरान विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल के अर्धशतक ने साई सुदर्शन के शतक पर पानी फेर दिया है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बेंगलुरु ने 5 को 18.5 ओवरों में हासिल कर लिया। इसी के साथ उन्होंने 5 विकेट से जीत हासिल की। तो



विकेट से जीत हासिल की। आरसीबी की ये आईपीएल 2026 में 5वीं जीत है। सुदर्शन ने 100 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को 205 के स्कोर तक पहुंचाया था लेकिन ये काफी नहीं था। बेंगलुरु ने गुजरात के द्वारा दिए गए 206 रनों के लक्ष्य वहीं गुजरात की ये लगातार दूसरी हार है। विराट मुकाबले में बेंगलुरु के लिए सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रहे, जिन्होंने 81 रनों की पारी खेली और जीत में अहम भूमिका निभाई। सुदर्शन ने 58 गेंदों में 100 रन की शानदार पारी खेली, जो आईपीएल उनका तीसरा शतक रहा। उनकी बल्लेबाजी का अंदाज बिल्कुल अलग था, न ज्यादा आक्रामक शॉट्स, न ही अनावश्यक जोखिम। उन्होंने गेंद को उसकी मेरिट पर खेलते हुए स्ट्राइक रोटेट की ओर मौके मिलने पर ही बड़े शॉट लगाए। सुदर्शन की ये पारी इसलिए भी खास रही क्योंकि ये टी20 क्रिकेट के उस ट्रेंड के विपरीत थी, जहां हर गेंद पर बड़े शॉट खेलने की कोशिश की जाती है। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पारी की शुरुआत से ही सुदर्शन ने कप्तान शुभमन गिल के साथ मजबूत साझेदारी की। दोनों ने पहले विकेट लिए 128 रन जोड़े, लेकिन इस साझेदारी में सुदर्शन का दबदबा साफ नजर आया।

# हार्दिक पांड्यां की कप्तानी पर इरफान पठान का बड़ा हमला,

आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कप्तान हार्दिक पांड्या चौतरफा दबाव में हैं, जिनकी कप्तानी, रणनीति और खराब व्यक्तिगत फॉर्म पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। टीम की लगातार हार ने उसके लिए आगे के सभी मुकाबलों को श्करो या मरोश की स्थिति में ला दिया है।इस बार का आईपीएल 2026 सीज मुंबई की टीम के लिए उम्मीद के मुताबिक बिल्कुल नहीं रहा हैं। लगातार खराब प्रदर्शन के चलते टीम दबाव में नजर आ रही हैं और अब स्थिति यह बन गई है कि आगे का हर मुकाबला उनके लिए करो या मरो जैसा हो गया है।मौजूद जानकारी के अनुसार, मुंबई इंडियंस ने अब तक सात मुकाबलों में सिर्फ दो जीत दर्ज की है, जबकि टीम कागज पर काफी मजबूत दिखाई दे रही थी। हार्दिक पांड्या, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा जैसे बड़े नामों के बावजूद टीम निरंतरता नहीं दिखा पाई हैं। बता दें कि सत्र की शुरुआत से पहले इस टीम को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन प्रदर्शन



उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा है।गौरतलब है कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हुए मुकाबले में मुंबई को 103 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा, जो उनकी इस प्रतियोगिता के इतिहास की सबसे बड़ी हारों में से एक मानी जा रही है। इस हार के बाद कप्तान हार्दिक पांड्या की रणनीति और फैसलों पर सवाल उठने लगे हैं।मौजूद जानकारी के अनुसार, पूर्व भारतीय खिलाड़ी इरफान पठान ने भी हार्दिक पांड्या की कप्तानी पर खुलकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने खासतौर पर गेंदबाजी में किए गए बदलाव और युवा खिलाड़ियों के उपयोग पर सवाल खड़े किए हैं। पठान का मानना है कि अहम समय पर फैसलों में स्पष्टता की कमी दिखी, जिससे टीम को नुकसान उठाना पड़ा है।न्होंने यह भी कहा कि जिस समय अनुभवी बल्लेबज अच्छी लय में थे, उस समय कम अनुभव वाले गेंदबाज को गेंदबाजी देना सही फैसला नहीं था। बता दें कि ऐसे फैसले मैच का रुख बदल सकते हैं और यही इस मुकाबले में देखने को मिला हैं।इसके अलावा टॉस के फैसले को लेकर भी सवाल उठे हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ मुकाबलों में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों को फायदा मिला था, लेकिन इसके बावजूद मुंबई ने लक्ष्य का पीछा करने का फैसला लिया, जो उनके खिलाफ गया हैं।अगर बल्लेबाजी की बात करें तो हार्दिक पांड्या खुद भी खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। मौजूद आंकड़ों के अनुसार, उन्होंने इस सत्र में छह पारियों में सिर्फ 97 रन बनाए हैं और उनका प्रदर्शन कप्तान के तौर पर भी दबाव में दिखाई दे रहा है।गौरतलब है कि इरफान पठान ने हार्दिक की बल्लेबाजी तकनीक पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कठिन परिस्थितियों में पांड्या को अपनी तकनीक में बदलाव करने की जरूरत है, खासकर तब जब पिच गेंदबाजों को मदद दे रही हो। कुल मिलाकर देखा जाए तो मुंबई इंडियंस इस समय कठिन दौर से गुजर रही हैं और अगर टीम को आगे बढ़ना है तो रणनीति, संयम और प्रदर्शन तीनों में सुधार करना जरूरी हो गया है।

# वानखेड़े में तिलक वर्मा और जेमी ओवरटन के बीच तीखी बहस

वानखेड़े में मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के मैच के दौरान तिलक वर्मा और जेमी ओवरटन के बीच तीखी बहस हुई, हालांकि मैच के बाद दोनों ने गले मिलकर मामला सुलझा लिया। मुकाबले में चेन्नई ने मुंबई पर एकतरफा जीत दर्ज करते हुए अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत की।वानखेड़े मैदान पर खेले गए मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेले गए मुकाबले में माहौल गरम होता दिखा। मैच के दौरान चेन्नई के हरफनमौला खिलाड़ी जेमी ओवरटन और मुंबई के बल्लेबाज तिलक वर्मा के बीच मैदान पर तीखी बहस हो गई। मौजूद जानकारी के अनुसार यह घटना मुंबई की पारी के दसवें ओवर की आखिरी गेंद पर हुई, जब तिलक वर्मा ने गेंद को हल्के से खेलकर रन लेने की कोशिश की थी। गौरतलब है कि इस दौरान तिलक वर्मा ने दो रन लेने का इशारा किया, लेकिन दूसरे छोर पर खड़े सूर्यकुमार यादव ने मना कर दिया और उन्हें एक रन पर ही रुकना पड़ा। इसी बीच जेमी ओवरटन और तिलक वर्मा आमने–सामने आ गए और दोनों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। मामला बढ़ता देख सूर्यकुमार यादव भी इसमें शामिल हो गए और उन्होंने भी प्रतिक्रिया दी।मौजूद जानकारी के अनुसार विवाद की वजह यह थी कि जब जेमी ओवरटन गेंद लेने आए तो वह तिलक वर्मा के रास्ते में आ गए, जिससे बल्लेबाज को देखने में दिक्कत हुई और वह नाराज हो गए। मैदान पर मौजूद अंपायरों ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए खिलाड़ियों को अलग किया और स्थिति को शांत कराया।हालांकि मैच खत्म होने के बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच सब कुछ सामान्य नजर आया। परंपरागत हाथ मिलाने के दौरान चौके और छक्के लगाए। उनकी



तिलक वर्मा और जेमी ओवरटन ने एक–दूसरे को गले लगाकर विवाद खत्म कर दिया, जिससे खेल भावना की मिसाल भी देखने को मिली।अगर मुकाबले की बात करें तो चेन्नई सुपर किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ी जीत दर्ज की है। कप्तान संजू सैमसन ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 101 रन बनाए, जिसमें उन्होंने कई इस पारी की बदौलत टीम ने निर्धारित ओवरों में 207 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में मुंबई इंडियंस की टीम पूरी तरह लड़खड़ा गई और पूरी टीम 104 रन पर सिमट गई। चेन्नई के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें अकील होसेन ने चार विकेट लेकर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया।

# रायल चौलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस की भिड़ंत, देखें दोनों टीमों की प्लेइंग 11

आरसीबी और गुजरात टाइटंस के बीच आईपीएल 2026 का 34वां मुकाबला खेला जा रहा है। जहां आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। वहीं शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस पहले बल्लेबाजी कर रही है।आईपीएल 2026 का 34वां मुकाबला आरसीबी और गुजरात टाइटंस के बीच खेला जा रहा है। जहां आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। वहीं शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस पहले बल्लेबाजी कर रही है। आरसीबी के लिए ये मैच जरूरी है क्योंकि इस सीजन में उनका ये होम ग्राउंड चिन्नास्वामी स्टेडियम में आखिरी मुकाबला है। आरसीबी ने फिलहाल अभी तक 4 जीत और 3 हार के साथ तालिका में अच्छी पकड़ बनाई है। लेकिन प्लेऑफ की राह आसान करने के लिए उन्हें ये मुकाबला जीतना होगा। दूसरी ओर गुजरात टाइटंस की ताक टॉप 3 शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर में छिपी है। हालांकि, इन दोनों टीमों के बीच अब तक का इतिहास बराबरी का रहा है।, लेकिन एक दोनों के बीच हुए सभी मैच लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम ने जीते हैं। आरसीबी– विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत



पाटीदार, जितेश शर्मा, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, सुयश शर्मा, रसिख सलाम डार। गुजरात टाइटंस– साई सुदर्शन, शुभमन गिल, जोस बटलर, वाशिंगटन सुंदर, शाहरुख खान, जेसन होल्डर, राहुल तेवतिया, राशिद खान, मानव सुथार, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज

# आरबीआई का बड़ा एक्शन पेटियम पैमेन्ट का बैंकिंग पेमेंट्स बैंक प्रभाव से रद्द

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियमों का पालन न करने और जमाकर्ताओं के हितों को नुकसान पहुंचाने के कारण पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया है। इस नियामक कार्रवाई के बाद बैंक को तत्काल प्रभाव से सभी बैंकिंग कार्यों से रोक दिया गया है और आरबीआई इसे बंद करने के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर करेगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को पेमेंट्स बैंक नियमों का पालन न करने के कारण पेटीएम पेमेंट्स बैंक का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया। आरबीआई ने कहा कि बैंक का संचालन ऐसे तरीके से किया जा रहा था, जो उसके जमाकर्ताओं के हितों के लिए हानिकारक था। केंद्रीय बैंक ने बताया कि वह बैंक को बंद करने के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल




करेगा। आरबीआई ने कहा कि बैंक ने उसे दिए गए पेमेंट्स बैंक लाइसेंस की शर्तों का पालन नहीं किया, जिसके कारण यह कार्रवाई की गई है।पेटीएम पेमेंट्स बैंक पहले भी कई मौकों पर नियामक जांच के दायरे में आ चुका है। मार्च 2022 में केंद्रीय बैंक ने इसे नए ग्राहकों को जोड़ने से रोक दिया था। आरबीआई ने कहा कि बैंक का लाइसेंस शुक्रवार को कारोबार समाप्त होने के बाद से रद्द कर दिया गया है। साथ ही, बैंक के पास इतनी नकदी है कि बंद होने की स्थिति में वह अपने सभी जमाकर्ताओं का पैसा वापस कर सकेगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा, "बैंक के प्रबंधन का सामान्य स्वरूप जमाकर्ताओं और सार्वजनिक हित के लिए हानिकारक है। ऐसे में बैंक को जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है।" आरबीआई के अनुसार, बैंक बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के कुछ प्रावधानों का भी पालन नहीं कर रहा था। बयान के अनुसार अब पेटीएम पेमेंट्स बैंक को तत्काल प्रभाव से बैंकिंग से जुड़े किसी भी कार्य को करने से रोक दिया गया है।

# क्या हम कृत्रिम मेधा के प्रयोग से उत्पन्न संकटों के लिए तैयार हैं?

आर्थिक दृष्टिकोण से देखें तो कृत्रिम मेधा का प्रभाव रोजगार के बाजारों पर अत्यंत गहरा और बहुआयामी होने वाला है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की भविष्य की नौकरियों से जुड़ी रिपोर्टों के अनुसार, एआई और ऑटोमेशन के कारण अगले दशक में करोड़ों नौकरियों के स्वरूप में आमूलचूल परिवर्तन आएगा।मानव सभ्यता के इतिहास में तकनीकी क्रांतियों ने सदैव हमारे अस्तित्व की दिशा को बदला है, किंतु वर्तमान में कृत्रिम मेधा यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जो तीव्र विस्तार हम देख रहे हैं, वह पूर्ववर्ती सभी आविष्कारों से मौलिक रूप से भिन्न है। यह केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि एक समानांतर बुद्धिमत्ता है जो हमारे सोचने, निर्णय लेने और सामाजिक ताने–बाने को समझने के पारंपरिक तरीकों को चुनौती दे रही है। आज जब हम इस प्रश्न पर विचार करते हैं कि क्या हम इस तकनीक से उत्पन्न संकटों के लिए तैयार हैं, तो उत्तर केवल तकनीकी प्रगति में नहीं, बल्कि हमारी नैतिक, कानूनी और सामाजिक तैयारियों में छिपा है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में जेनेरेटिव एआई के उदय ने सूचनाओं की सत्यता पर एक गहरा प्रश्नचिह्न लगा दिया है। डीपफेक तकनीक और परिष्कृत एल्गोरिदम के माध्यम से जिस प्रकार से भ्रामक सूचनाएं या मिसइन्फॉर्मेशन फैलाई जा रही हैं, उसने न केवल लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को प्रभावित किया है, बल्कि व्यक्तिगत गरिमा को भी जोखिम में डाल दिया है। अंतरराष्ट्रीय साइबर सुरक्षा रिपोर्टों के अनुसार, पिछले 2 वर्षों में एआई–जनित भ्रामक सामग्रियों में 900 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। यह स्थिति दर्शाती है कि हमारी कानूनी प्रणालियां और डिजिटल साक्षरता के मानक इस गति का मुकाबला करने में फिलहाल अक्षम सिद्ध हो रहे हैं। आर्थिक दृष्टिकोण से देखें तो कृत्रिम मेधा का प्रभाव रोजगार के बाजारों पर अत्यंत गहरा और बहुआयामी होने वाला है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की भविष्य की नौकरियों से जुड़ी रिपोर्टों के अनुसार, एआई और ऑटोमेशन के कारण अगले दशक में करोड़ों नौकरियों के स्वरूप में आमूलचूल परिवर्तन आएगा।

# डर नहीं, दहशत हूं य शाहरुख खान की किंग की रिलीज डेट हुई कंफर्मय मेकर्स ने शेयर किया नया टीजर

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की शकिंगत्य इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की भारी–भरकम स्टारकास्ट पहले से ही सुर्खियां बटोर रही है। वहीं पिछले साल शाहरुख के बर्थडे पर फिल्म का पहला लुक सामने आने के बाद फैंस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक नया टीजर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट कंफर्म कर दी है।रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा इंस्टाग्राम पर शकिंगत्य का एक खास टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया कि शकिंगत्य क्रिसमस के मौके पर एक दिन पहले 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प कैप्शन भी शेयर किया गया, जिसमें शाहरुख खान की बॉलीवुड के बादशाह के रूप में लोकप्रियता का जिक्र किया गया।पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया, श्एक ऐसी दहाड़ जो साम्राज्य को हिला दे। किंग 24.12.2026 को आ रही है।य साझी की गई छोटी सी झलक में शाहरुख खान एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। जहां वो कहते हैं, श्डर नहीं, दहशत हूं। शाहरुख खान के साथ श्पठानत्य का निर्देशन कर चुके सिद्धार्थ आनंद ही शकिंगत्य का निर्देशन कर रहे हैं। फिल्म की कास्ट पहले से ही चर्चा का विषय बनी हुई है। इस फिल्म में शाहरुख खान के साथ उनकी बेटी सुहाना खान भी नजर



आएंगी। इसके अलावा फिल्म में दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, अनिल कपूर, अरशद वारसी, सौरभ शुक्ला, जयदीप अहलावत, रानी मुखर्जी, जैकी श्रॉफ, अभय वर्मा और राघव जुयाल समेत कई कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के शीर्षक का खुलासा पिछले साल 2 नवंबर को शाहरुख खान के जन्मदिन पर हुआ था। तब से ही फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ती जा रही है। पहले लुक में शाहरुख खान ग्रे कलर के बालों में एक्शन अवतार में नजर आ रहे थे।

# ब्रदर्स एंड सिस्टर्स लेकर आ रहे हैं रिश्तों की गर्माहट, मई में ओटीटी पर रिलीज होगी वेब सीरीज

ओटीटी के इस दौर में जहां एक ओर प्रयोगात्मक और अलग–अलग शैलियों का कंटेंट दर्शकों तक पहुंच रहा है, वहीं आज भी एक बड़ा वर्ग पारिवारिक कहानियों से गहरा जुड़ाव महसूस करता है। इसी पसंद को ध्यान में रखते हुए नई फैमिली ड्रामा वेब सीरीज ब्रदर्स एंड सिस्टर्सय दर्शकों के लिए पेश की जा रही है। मेकर्स ने घोषणा की है कि यह शो मई में ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा।

इसका निर्देशन चिदंबरम मणिवन्नन ने किया है। यह सीरीज परिवार, रिश्तों और भाई–बहनों के बीच के प्यार और संघर्ष को भावुक अंदाज में पेश करती है। इस वेब सीरीज में बोस वेंकट और गायत्री शास्त्री मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। ब्रदर्स एंड सिस्टर्स की कहानी चार भाई–बहनों के इर्द–गिर्द घूमती है। सभी भाई–बहनों की सोच, करियर और जिंदगी जीने का तरीका अलग–अलग है।

कोई अपने काम में व्यस्त है तो कोई अपनी निजी जिंदगी की परेशानियों से जूझ रहा है, लेकिन इन सबके बीच जो चीज उन्हें जोड़े रखती है, वह है परिवार का रिश्ता और एक–दूसरे के लिए उनका प्यार। सीरीज में इसी रिश्ते की गर्माहट और परिवार के अंदर होने वाले छोटे–बड़े उतार–चढ़ाव को दिखाया जाएगा। सीरीज में बोस वेंकट एक सख्त पिता के किरदार में नजर आएंगे।

उनका किरदार एक ऐसे व्यक्ति का है, जो कपड़ों का शोरूम चलाता है और अपने परिवार को अपने सिद्धांतों के अनुसार चलाना चाहता है। वहीं गायत्री शास्त्री एक शांत और समझदार गृहिणी की भूमिका निभा रही हैं, जो परिवार को जोड़े रखने की कोशिश करती हैं। इसके अलावा शो में राज अयप्पा, निखिला शंकर, लुथुफ, किशोर, श्रवणिता और प्रोमोथिनी जैसे कई कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

डायरेक्टर चिदंबरम मणिवन्नन ने इस शो को लेकर अपनी भावनाएं भी साझा की हैं। उन्होंने कहा, यह सीरीज मेरे दिल के बेहद करीब है। ब्रदर्स एंड सिस्टर्स सिर्फ एक कहानी नहीं बल्कि एक एहसास है। यह शो उन परिवारों की याद दिलाएगा, जिनमें हम बड़े हुए हैं। कई बार परिवारों में प्यार खुलकर नहीं दिखता, लेकिन वह हर रिश्ते में मौजूद रहता है।

यही भावना इस सीरीज में देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा, आज के समय में ज्यादातर लोग सस्पेंस और थ्रिलर कंटेंट बना रहे हैं, लेकिन मैं कुछ ऐसा बनाना चाहता था जो लोगों के दिल को छू जाए। मेरा मानना है कि दर्शकों को ऐसे शो भी चाहिए जो उन्हें अपने परिवार और रिश्तों की अहमियत का एहसास कराएं।

# एक साल और..., बालीवुड में डेब्यू करने वाली हैं रजत बेदी की बेटी वेरा बेदी? एक्टर ने किया खुलासा

आमतौर पर बॉलीवुड एक्टर्स और एक्ट्रेसेज के बच्चे फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखते हैं और उनमें से कई कलाकार अपनी मेहनत और एक्टिंग से दर्शकों के दिलों में जगह बना लेते है. इसी बीच एक्टर रजत बेदी का एक बयान इन दिनों खूब सुर्खियों में है. हाल ही में उन्होंने अपनी बेटी वेरा बेदी को लेकर एक ऐसा खुलासा किया, जिसने सभी फैंस को एक्साइटेड कर दिया है. अपनी सुंदरता से पहले ही उन्होंने कई लोगों को दीवाना बना दिया है और अब इस खबर के आते ही सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई है.रजत बेदी से उनकी बेटी के डेब्यू के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि बेटी अभी पढ़ रही है. वो अभी अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहती है. तो एक साल और फिर वहां भी थोड़ा ध्‍माका होगा. जिस हिसाब से पब्लिक का प्यार मिल रहा है, मुझे तो लग रहा है कि अगर वो नहीं भी चाहेगी, तो पब्लिक उसे लेकर आ ही जाएगी. उनके इस बयान ने सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू कर दी है और कई फैंस उन्हें बड़े पर्दे पर देखने के लिए एक्साइटेड है.अगर रजत बेदी की बात करें, तो उन्हें आखिरी बार आर्यन खान के पॉपुलर वेब सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में देखा गया था, जिसमें वो जराज सक्सेना के किरदार में नजर आए थे. इस सीरीज की प्रीमियर में रजत अपनी बेटी वेरा के साथ रेड कार्पेट पर पहुंचे थे, जहां उनकी खूबसूरत नीली आंखों ने खूब चर्चा बटोरी थी. वेरा की उम्र अभी 19 है और अभी वो



पढ़ाई कर रही है. वो हमेशा अपने फैशन सेंस को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा में बनी रहती है. साथ ही कई लोग उनकी तुलना पॉपुलर एक्ट्रेस करीना कपूर से करते है, जिससे पता चलता है कि लोग उन्हें अभी से ही पसंद करने लगे है।

## द केरल स्टोरी 2 की ओटीटी रिलीज तारीख का ऐलान, 8 मई को जी5 पर होगा प्रीमियर



बॉलीवुड फिल्म द केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड इसी साल 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित और कामाख्या नारायण सिंह द्वारा निर्देशित यह एक क्राइम–ड्रामा फिल्म है, जिसकी पहली कड़ी 2023 में रिलीज हुई थी। फिल्म में अदा शर्मा ने मुख्य अभिनेत्री का किरदार निभाया था। वहीं 2026 में आई द केरल स्टोरी 2 सिनेमाघरों के बाद अपने डिजिटल प्रीमियर को तैयार है। निर्माताओं ने इसकी ओटीटी रिलीज का ऐलान कर दिया है।

सनशाइन पिक्चर्स द्वारा निर्मित द केरल स्टोरी 2 में उल्का गुप्ता, अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा मुख्य किरदार में हैं। यह कहानी 3 ऐसी महिलाओं के इर्द–गिर्द घूमती है, जो मुस्लिम युवकों के प्रेम–जाल में फंसकर शोषण का शिकार बन जाती हैं। उन्हें जबरन इस्लामीकरण के लिए मजबूर किया जाता है। यह कहानी पहचान, आस्था और निजी आजादी के बीच की जंग को दर्शाती है। फिल्म 8 मई, 2026 को जी5 पर रिलीज होने के लिए तैयार है।

## फिल्म कृष्णावतारम से पहला गाना हुआ जारी, मंत्रमुग्ध कर देगी प्रेम की लीला

हार्दिक गज्जर के निर्देशन में बनी पौराणिक फिल्म कृष्णावतारम इस साल रिलीज के लिए तैयार है। हाल ही में, इसका भव्य ट्रेलर जारी हुआ था जिसे मथुरा स्थित पवित्र श्री कृष्ण जन्मभूमि पर लॉन्च किया गया था। फिल्म का निर्माण साजन राज कुरुप और शोभा संत के क्रिएटिवलैंड स्टूडियोज एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। निर्माताओं ने फिल्म से पहला गाना प्रेम की लीला रिलीज किया है जो फैंस को मंत्रमुग्ध कर रहा है। प्रेम की लीला गाना फिल्म की भावुक कहानी को पेश करता है। भगवान श्रीकृष्ण, राधा, सत्यभामा और रुक्मिणी को दर्शाने वाले इस गाने में भक्ति, शक्ति और तड़प की एक झलक मिलती है। यह उनकी प्रेम कहानी को समर्पित है। श्रेया घोषाल, जावेद अली और सुवर्णा तिवारी ने मिलकर गाने को आवाज दी है। बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं और प्रसाद शाष्टे ने संगीत दिया है।

## फिल्म है जवानी तो इश्क... से जारी हुआ जोशीला गाना वाओ, वरुण का डांस उड़ा देगा होश

वरुण धवन 24 अप्रैल, 2026 को 38 साल के पूरे हो गए हैं। इस खास अवसर पर उन्होंने फैंस को एक खास तोहफा दिया है जो उनकी आगामी फिल्म है जावनी तो इश्क होना है से जुड़ा



हुआ है। दरअसल फिल्म का नया गाना वाओ जारी हुआ है जो जोशीले संगीत के साथ बिल्कुल पार्टी वाली वाइब देता है। गाने में वरुण, माइकल जैक्शन स्टाइल में धमाकेदार डांस कर रहे हैं। उनके साथ मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े भी हैं। यूट्यूब पर जारी हुए इस गाने को पंजाबी गायक हार्डी संधू ने आवाज दी है। उनका साथ किरण बाजवा ने दिया है। तनिष्क बख्शी और परम राज ने संगीत दिया है, जबकि बोल रोनी अजनाली और गिल मछराई ने लिखे हैं। व्याह करावादो जी की सफलता के बाद, फिल्म का यह दूसरा गाना है जिसने आते ही फैंस का दिल जीत लिया। डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म है जावनी तो इश्क होना है 22 मई, 2026 को रिलीज होगी।

# भूत बंगला की कमाई में सातवें दिन आई मंदी, फिर भी बन गई साल की तीसरी सबसे बड़ी फिल्म, ओ रोमियो को दी मात

प्रियदर्शन निर्देशित और अक्षय कुमार स्टारर भूत बंगला को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है, जिसके चलते भारतीय बॉक्स ऑफिस पर इसकी कमाई अब तक अच्छी चल रही है. इसी के साथ इसने रिलीज का एक हफ्ता भी पूरा कर लिया है. चलिए यहां जानते हैं भूत बंगला ने रिलीज के 7वें दिन यानी गुरुवार को कितनी कमाई की है?भूत बंगला भारतीय सिनेमाघरों में 17 अप्रैल को रिलीज हुई थी और इसने पहले हफ्ते में अच्छा परफॉर्म किया है. इस फिल्म ने धुरंधर 2 के तूफान के बीच थिएटर्स में एंट्री की थी और इसने रणवीर सिंह की फिल्म के दबदबे को खत्म कर दर्शकों को अपने वश में कर लिया. इसी के साथ इस हॉरर कॉमेडी फिल्म ने पहले हफ्ते में अच्छी कमाई कर डाली है. हालांकि इसके कलेक्शन में सातवें दिन गिरावट भी दर्ज की गई है. फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, गुरुवार को भारत में भूत बंगला ने 5.15 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है. जिससे इस फिल्म का पहले हफ्ते का भारत में कुल कलेक्शन 84.05 करोड़ रुपये हो गया है. बता दें कि इस फिल्म ने अपने प्रीमियर से 3.75 करोड़ रुपये की नेट कमाई की थी और पहले दिन 12.25 करोड़ रुपये कमाए थे. इसके बाद दूसरे दिन इसने 19 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 23 करोड़ रुपये कमाए.रिलीज के चौथे दिन इस फिल्म की कमाई 6.75 करोड़ रुपये रही. इसके बाद पांचवें दिन का कलेक्शन 8 करोड़ रुपये और छठे दिन की कमाई 6.15 करोड़ रुपये रही.भूत बंगला ने रिलीज के 7वें दिन कमाई में बेशक मंदी देखी लेकिन इसने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. दरअसल इस फिल्म ने सात दिनों में



84.05 करोड़ की कमाई ।

# रकुल प्रीत सिंह ने रेड ड्रेस में ढाया कहर, पति पत्नी और वो दो एक्ट्रेस की ग्लैमरस फोटोज वायरल

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म पति पत्नी और वो दो को लेकर चर्चा में हैं. आजकल वो फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं. अब इस बीच रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं. हर एक फोटोज में उनका अंदाज देखने लायक है. बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ ग्लैमरस फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वो रेड कलर की शॉर्ट ड्रेस पहने दिख रही हैं. रकुल प्रीत सिंह ने अपने लुक को पूरा करने के लिए हल्का मेकअप किया हुआ है. इसके साथ उन्होंने गोल्डन इयररिंग्स पहने हैं. हाई पोनीटेल में वो बेहद खूबसूरत लग रही हैं. रकुल ने फोटोज शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, रूप दी रानी को लगता है, लाल ड्रेस चुरा लेती है... है ना? उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाईं हुई हैं. रकुल कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती नजर आ रही हैं. उनकी कालिताना अदाओं ने फैंस को दीवाना बना दिया है. पति पत्नी और वो दो एक्ट्रेस का ये अंदाज देखने लायक है. हर एक तस्वीर में



उनकी खूबसरती साफ झलक रही है. रकुल प्रीत सिंह का ये स्टनिंग लुक लोगों को खूब पसंद आ रहा है. यूजर्स अलग–अलग तरह के कमेंट्स कर उनपर प्यार लुटा रहे हैं. वर्क फ्रंट की बात करें तो रकुल प्रीत सिंह जल्द ही फिल्म पति पत्नी और वो दो में नजर आएंगी. आयुष्मान खुराना, सारा अली खान और वामिका गब्बी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं. ये फिल्म 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।